रविवार, 3 अगस्त 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 32 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदय: 05:09 | सूर्यास्त: 18:16 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



मुझे प्रताड़ित किया गया, मालेगांव मामले में नरेन्द्र मोदी का नाम लेने को कहा गया: प्रज्ञा सिंह ठाकुर -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : हमारा भाग्य सितारों में नहीं बल्कि हमारे अपने हाथों में है।

## ट्रंप की 'डेड इकोनॉमी' वाली टिप्पणी के बाद आया प्रधानमंत्री का बयान

# अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है: मोदी



**वाराणसी :** विश्व की अस्थिर अर्थव्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिये सबसे ऊपर है। उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है।'' प्रधानमंत्री ने करीब 53 मिनट के अपने भाषण के अंतिम छह मिनट में भारत की अर्थव्यवस्था और स्वदेशी का उल्लेख किया। मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आज जब हम आर्थिक प्रगति की बात कर रहे है, तो मैं आपका ध्यान वैश्विक हालात पर ले जाना चाहता हूं। आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही हैं। अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान दे रहे है।'' मोदी ने कहा, ''भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिये भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व है। यह बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''कोई भी राजनीतिक दल हो, कोईं भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़कर के देशहित में देशवासियों के अंदर स्वदेशी के संकल्प का भाव जगाना होगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। वह वस्तु भारत के लोगों ने बनाई है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमें 'वोकल फार लोकल' मंत्र को अपनाना होगा।'' मोदी ने कहा, ''हमारे घर में जो भी नया सामान आयेगा, वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।'' उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी माल ही बेचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ''स्वदेशी माल बेचने का संकल्प भी देश की सच्ची सेवा है। त्योहारों के महीने आने वाले हैं। उसके बाद शादियों का सीजन है। इस दौरान स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदना चाहिए।'' इससे पहले प्रधानमंत्री ने सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार किसानों की खुशहाली के लिए काम कर रही है। मोदी ने आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर की गई घोषणाएं पूरी होना मुश्किल था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। पीएम किसान सम्मान निधि को सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि 2019 में योजना शुरू होने के समय विपक्षी दल कहते थे कि चुनाव के बाद योजना बंद हो जाएगी या पैसा वापस ले लिया जाएगा, लेकिन ''क्या इतने साल में एक भी किस्त बंद हुई? पीएम किसान निधि बिना रुकावट के जारी है।'' उन्होंने बताया कि आज तक पौने चार लाख करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं, जबकि काशी के किसानों को 900 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने ऐसा सांसद चुना है कि आपके खाते में 900 करोड़ रुपया आया है। उन्होंने योजना की पारदर्शिता पर जोर देते हुए बताया, ''बिना किसी कट, कमीशन या बिचौलियों के पैसा सीधे खातों में पहुंचता है। हमने ये स्थाई व्यवस्था बना दी है, न लीकेज होगी, न गरीब का हक छीना जाएगा।''

## मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत ने कहा, प्रतिबंधित संगठन नहीं है अभिनव भारत

**मुंबई :** साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने वाली एक विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि दक्षिणपंथी चरमपंथी समूह अभिनव भारत ने विस्फोट को अंजाम दिया था। अदालत ने कहा कि सरकार ने इस संगठन को आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित नहीं किया है। विशेष न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने 1,000 से अधिक पृष्ठ के फैसले में कहा कि महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जांच निष्कर्षों में दावा किया था कि सभी आरोपी व्यक्ति अभिनव भारत के सदस्य थे, जो एक संगठित आपराधिक गिरोह था। न्यायाधीश ने कहा कि इस संगठन को केंद्र सरकार द्वारा आज तक आतंकवादी संगठन घोषित नहीं किया गया है, और यहां तक कि अभिनव भारत ट्रस्ट, संस्था, संगठन, फाउंडेशन भी प्रतिबंधित नहीं है। अदालत ने कहा कि अभियोजन एजेंसियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के चरण से लेकर अंतिम सुनवाई तक, अभिनव भारत शब्द का इस्तेमाल लगातार एक सामान्य संदर्भ या आम बोलचाल में किया गया था। फैसले में कहा गया है, यह उल्लेख करना आवश्यक है कि अभिनव भारत एक प्रतिबंधित संगठन नहीं है। आज तक, यह गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत इसपर प्रतिबंध नहीं लगा है।

# रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा भारत, 'टैरिफ वार' के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भारत का करारा जवाब

## भारतीय तेल रिफाइनरियों ने नहीं रोका हैं रूस से तेल आयात

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली: वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीति एक बार फिर चर्चा में है। अमेरिका के बार-बार दबाव बनाने के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने का फैसला किया है। यह कदम न केवल भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की रणनीति को दर्शाता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति का भी परिचायक है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो महासचिव मार्क रूट ने भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को रूस से तेल खरीदने के खिलाफ चेतावनी दी थी। ट्रंप ने तो 25% टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माने की घोषणा तक कर दी। फिर भी, भारत ने साफ कर दिया कि वह अपनी ऊर्जा नीति को राष्ट्रीय हितों और बाजार की ताकतों के आधार पर तय करेगा और किसी बाहरी दबाव में नहीं आएगा।

### रूस से तेल खरीद भारत की मजबूरी या रणनीति

बता दें कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और उसकी ऊर्जा जरूरतें विशाल हैं। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, जिसके चलते रूसी तेल की कीमतें वैश्विक बाजार में कम हो गईं। तब भारत ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया। मई 2025 में भारत ने रूस से 1.96 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल आयात किया, जो उसके कुल तेल आयात का 38% से अधिक था। इससे भारत ने न केवल अरबों डॉलर की बचत की, बल्कि घरेलू स्तर पर महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिली।

# देवेगौड़ा के पोते और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को रेप मामले में आजीवन कारावास की सजा



**बेंगलुरु :** अपराध की घटना के चार साल और मामले के प्रकाश में आने के एक साल बाद जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शनिवार को शेष जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने उस पर कुल 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि इसमें से 11.25 लाख रुपये पीड़ित महिला को दिए जाएं, जो आरोपी के परिवार की घरेलू सहायिका थी। विशेष अदालत ने रेवन्ना को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया और जुर्माना भी लगाया। एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के संरक्षक एच डी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना (34) को उसके खिलाफ दर्ज यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया था। सांसदों/विधायकों की विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने एक दिन पहले रेवन्ना को दोषी ठहराए जाने के बाद शनिवार को यह फैसला सुनाया। यह मामला 48 वर्षीय एक महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आरोपी के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करती थी। 2021 में पीड़िता के साथ कथित तौर पर दो बार - हासन फार्महाउस और बेंगलुरु स्थित आवास पर - बलात्कार किया गया और आरोपी ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रेवन्ना पर आईपीसी की धारा 376(2)(के) (किसी महिला पर नियंत्रण या प्रभुत्व की स्थिति में होने पर, उससे बलात्कार करना), 376 (2)(एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354बी (महिला के कपड़े उतरवाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354सी (ताक झांक), 506 (आपराधिक धमकी) और 201 (साक्ष्यों को गायब करना) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ई (गोपनीयता का उल्लंघन) के तहत मामला दर्ज किया था।

# संविधान से धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद मिटाकर 'वैचारिक तख्तापलट' करना चाहते हैं भाजपा-आरएसएस: सोनिया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संविधान से समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मिटाकर 'वैचारिक तख्तापलट' करने की कोशिश में हैं। उन्होंने कांग्रेस के विधि विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक विधिक सम्मेलन के लिए भेजे गए संदेश में यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान को सुरक्षित रखने के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने इस कार्यक्रम में सोनिया गांधी का संदेश पढ़ा। सोनिया गांधी ने संदेश में कहा, ''यह हमारे लोकतंत्र का नैतिक आधार है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। इसे कांग्रेस के बलिदान और दूरदर्शिता ने आकार दिया। आज़ादी से पहले ही, कांग्रेस पार्टी ने भारतीयों द्वारा, भारतीय नागरिकों के लिए एक संविधान की कल्पना की थी।'' उनके अनुसार, 1928 की नेहरू रिपोर्ट से लेकर 1934 में संविधान सभा की मांग तक, महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने इसकी नींव रखी और मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बी. आर. आंबेडकर ने इन आदर्शों को मूर्त रूप दिया तथा उन्होंने चेतावनी दी थी कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना, राजनीतिक लोकतंत्र केवल एक दिखावा मात्र होगा। सोनिया गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस ने इसे पहचाना और इस पर अमल किया, अधिकारों का विस्तार किया, संस्थाओं को मज़बूत किया और गरिमा व समावेशिता को कायम रखा। उन्होंने दावा किया, ''आज, संविधान संकट में है। भाजपा-आरएसएस, जिसने कभी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई नहीं लड़ी या समानता को नहीं अपनाया, अब अपनी शक्ति का इस्तेमाल उसी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए कर रहे हैं जिसका उसने लंबे समय से विरोध किया था।

# उत्तर दमदम में घर में जमे हुए पानी में डूबकर छह माह की बच्ची की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर दमदम के देवीनगर में शनिवार की सुबह घर में जमे हुए पानी में डूबकर एक बच्ची की मौत हो गई। परिवार इस घटना से अवाक है। पूरा इलाका शोक में है। पापोन घोराई उत्तर दमदम नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 के देवीनगर के निवासी हैं। उनकी पत्नी ने लगभग छह महीने पहले एक बच्ची को जन्म दिया था। बताया गया है कि लगातार बारिश के कारण पूरे इलाके में पानी जमा हो गया है। पापोन के घर में भी पानी घुस गया था। पूरा घर जलमग्न हो गया है। घर में पानी लगभग घुटनों तक पहुंच गया है। लेकिन वे फिर भी घर में रह रहे थे। इस दिन, सुबह में पापोन घर पर नहीं थे। मां अपनी बेटी को बिस्तर पर सुलाकर काम कर रही थीं। वह बीच में ही शौचालय चली गईं। तभी यह हादसा हुआ। छह महीने की बच्ची जैसे ही बिस्तर पर करवट ली, पानी में गिर गई। मां वापस लौटीं और उन्होंने घटना देखी। उन्होंने जल्दी से बच्चे को बचाया और उसे अस्पताल ले गईं। लेकिन डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

# 'हमारा पाड़ा हमारा समाधान' योजना राज्य के लोगों के लिए होगा हितकारी : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार से 'हमारा पाड़ा हमारा समाधान' नामक एक नये महत्वाकांक्षी अभ की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे राज्य में सहभागी शासन को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक अनोखा प्रयास बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि इस योजना से बंगाल के लोगों को स्थानीय स्तर पर सरकार की सेवाएं सीधे पहुंचाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राज्य के हर बूथ में शिविर लगाए जाएंगे। राज्य में कुल 80 हजार से अधिक बूथ हैं, जिनमें से 27 हजार से अधिक शिविरों के आयोजन की योजना है। जिलों में तीन बूथ को मिलाकर एक शिविर बनाया जाएगा जबकि कोलकाता नगर क्षेत्र में दो बूथ को मिलाकर एक कैंप संचालित होगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह शिविर 60 दिनों तक चलेंगे। इसके बाद, 30 दिनों तक प्रशासनिक मूल्यांकन किया जाएगा और फिर योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि 'हमारा पाड़ा हमारा समाधान' कार्यक्रम बंगाल में प्रशासन और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करेगा और समस्याओं का समाधान जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करेगा।

# राजनाथ ने राहुल को निर्वाचन आयोग के खिलाफ 'सबूतों का एटम बम' फोड़ने की चुनौती दी

**पटना :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्वाचन आयोग पर बिहार में ''वोट चोरी'' का आरोप लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा ('इंडिया' गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।

## निर्वाचन आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर 12,000 रुपये किया

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि उसने मतदाता सूची तैयार करने में मदद करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बूथ स्तर पर मतदाता सूची तैयार करने और उसे अद्यतन करने में निर्वाचन आयोग की मदद करने वाले बीएलओ को 2015 से उनके काम के लिए 6,000 रुपये सालाना मिल रहे थे। अब यह राशि 12,000 रुपये सालाना की गई है। बीएलओ ज्यादातर शिक्षक या राज्य सरकार के अन्य कर्मचारी होते हैं जो अपने संबंधित बूथ में मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने का काम करते हैं। निर्वाचन आयोग के नए नियमों के अनुसार, एक बूथ पर 1,200 से ज़्यादा मतदाता नहीं होंगे। इसके अलावा, आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को 6,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि देने को भी मंज़ूरी दी है। इसकी शुरुआत बिहार से होगी, जहां यह कवायद जारी है।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के वन क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद रात में दोनों के बीच मुठभेड़ शुरु हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद रात में अभियान को रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि घेराबंदी को मजबूत किया गया तथा क्षेत्र में अतिरिक्त बल को भी तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार सुबह गोलीबारी फिर शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का पता लगाया जा रहा है। मुठभेड़ अब भी जारी है।








इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन — टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ — www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 अगस्त, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष नवमी, 09:41 तक, नक्षत्र : विशाखा, 06:28 तक, योग : शुक्ला, 06:14 तक, सूर्योदय: 05:09, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 13:24, चन्द्रास्त: 24:12, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 16:35 से 18:12

## साप्ताहिक : राशिफल
## 03-08-25 से 09-08-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह आपकी सेहत की बात करें तो आप अपनी आंखों का विशेष ख्याल रखें। आप गुस्से में वाहन ना चलाएं। आपके प्रेम और संबंधों की बात करें तो आप अपने प्रेमी पर अधिक धन खर्च कर सकते हैं, जिससे आपका आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा। वैवाहिक संबंधों की बात करें तो आप थोड़ा सा सावधान रहें, आपका मन कहीं बाहर भी भटक सकता है। आपके धन और रुपए की बात करें तो आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी होगी। वहीं, नौकरी को लेकर भी कोई निर्णय ना ले तो अच्छा रहेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा, जिसके कारण आप परेशान हो सकते हैं। पेट दर्द परेशान कर सकता है। मांसपेशियों में जकड़न की समस्या से भी आप ग्रस्त रहेंगे। व्यापार में बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको इसका फल भी जल्दी ही मिलेगा। नौकरी वाले जातक अपनी नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं तो अभी कोई बदलाव न करें। इस हफ्ते विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से हट सकता है। नौकरी वाले जातक किसी प्रकार का कोई फेरबदल ना करें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** आपकी सेहत इस सप्ताह कुछ ठीक नहीं रहेगी। आपको पुरानी नसों की कोई समस्या परेशान कर सकती है, जिसके कारण आपका कोई ऑपरेशन भी कराना पड़ सकता है। व्यापारियों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। आप अपने नए कांटेक्ट बना सकते हैं, जिससे आपको व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। नौकरी वाले जातक भी कार्यस्थल पर अपने अधिकारियों संग अच्छे संबंध बनाए रखें। प्रेमी जातकों के लिए अच्छा समय रहेगा। वह अपने प्रेमी संग रोमांस भरा समय बिता सकते हैं।




**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने आप अपने त्वचा या सिर से संबंधित किसी बीमारी से परेशान हो सकते हैं। व्यापारी लोग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए धन का निवेश कर सकते हैं, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिलेगा। नौकरी वाले जातक भी अपने अधिकारियों को खुश करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करेंगे। प्रेमी जातक अपने प्रेमी के साथ बड़ा ही शानदार समय बिताएंगे। वैवाहिक संबंध किसी खटास के कारण थोड़ा सा परेशानी में आ सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह आप स्वास्थ्य प्रति सावधान रहें। आपके पैरों या मांसपेशियों का दर्द परेशान कर सकता है। व्यापारियों को कोई बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है, जिसमें उन्हें बहुत अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। नौकरी वाले जातक थोड़ा परेशान हो सकते हैं। उनकी उनके अधिकारियों के साथ कोई कहासुनी हो सकती है। प्रेमी जातकों के रिश्ते में दूरियां आ सकती हैं, इसलिए आप रिश्ते को बचा कर रखने की कोशिश करें। विवाहितों की बात करें तो आप अपने जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। आपके व्यवसाय की बात करें तो व्यापार में आपको किसी प्रकार का तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों को उनके कार्यक्षेत्र में कुछ सीखने को मिल सकता है, जिसका प्रयोग वह अपने अधिकारियों को प्रसन्न करने में कर सकते हैं। प्रेमी जातकों के बीच के संबंध यदि बिगड़े हुए थे तो आज वह संबंध सुधार सकते हैं। वैवाहिक संबंधों की बात कर रहे हैं तो आप अपने संबंधों को मजबूत बनाने के लिए पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने की कोशिश करें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें, यदि आपका ब्लड प्रेशर हाई रहता है तो समस्या और अधिक बढ़ सकती है। आपके व्यवसाय की बात करें तो व्यापार में आपको कोई बड़ी टीम प्राप्त हो सकती हैं, परंतु उसके कारण आपको किसी परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातक यदि अपनी नौकरी में बदलाव करना चाहते हैं तो अभी समय ठीक नहीं है। प्रेमी जातक अपने प्रेमी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बहुत अधिक विचार करके कोई कड़ा निर्णय भी ले सकते हैं।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह आपकी सेहत कुछ खराब हो सकती है। मौसम के बदलाव के कारण ऐसा हो सकता है। आपके व्यवसाय की बात करें तो आपको अपना व्यापार आगे बढ़ाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। नौकरी वाले जातक किसी प्रकार का बदलाव न करें। जहां पर कार्य कर रहे हैं, वहीं करते रहें। आपके प्रेम संबंधों में तनाव आ सकता है। वैवाहिक संबंध मजबूत बने रहेंगे। आप जीवनसाथी के साथ कोई नया कार्य शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। जमीन-जायदाद में निवेश करने से लाभ मिलेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहिए। लीवर से संबंधित कोई परेशानी थी तो वह बढ़ सकती है। तनाव से दूर रहने के लिए योगासन और मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं। आपके प्रेम संबंध की बात करें तो आपके प्रेम जीवन में किसी वहम के चलते तनाव आ सकता है। आप अपने रिश्ते को बचाने की कोशिश करें। विवाहितों के लिए यह सप्ताह प्यार भरा रहेगा। आप एक दूसरे के साथ बाहर घूमने के लिए जा सकते हैं। व्यापारी इस सप्ताह थोड़ा सावधान रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा सावधान रहें। आप माइग्रेन या सर दर्द की शिकायत के कारण बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं। आपका ब्लड प्रेशर भी हाई हो सकता है। आपके व्यवसाय और करियर की बात करें तो व्यापार करने वाले जातक कपड़े के व्यापार को लेकर थोड़ा सावधान रहें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह आपको स्किन से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो इस सप्ताह कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है। नौकरी करने वाले जातकों के लिए यह सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा। आज वह अपने किसी प्रेम मित्र से मिलने के लिए जा सकते हैं। प्रेम संबंधों की बात करें तो आपके प्रेमी संग संबंध अच्छे बने रहेंगे। शादीशुदा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा, परंतु आपके रिश्ते में कुछ तनाव आ सकता है। आपके धन की बात करें तो इस सप्ताह कुछ ज्यादा खर्च हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आज आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। किसी दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। व्यवसाय की बात करें तो इस सप्ताह व्यापार करने वाले जातक अपने व्यापार को लेकर सावधान रहें। आपको अपने व्यापार आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करने पड़ सकती है। नौकरी वाले जातकों के लिए सप्ताह ठीक नहीं रहेगा, इसलिए आप जहां पर कार्य करते हैं वही करते रहें, प्रेम और संबंध की बात करें तो आप के संबंध अनुकूल रहेंगे। आप अपने साथी के साथ यदि किसी प्रकार की परेशानी में थे तो वह अब दूर हो सकती है। वैवाहिक संबंध भी ठीक रहेंगे।

# पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का मेरा वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा हुआ : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी पहुंचकर 2200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की




**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का उनका वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा हुआ।प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ कार्रवाई का वर्णन करने के लिए भगवान शिव के प्रचंड 'रुद्र' रूप का उल्लेख करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को देश की ताकत दिखाई है और एक स्पष्ट संदेश दिया है - जो कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा, यहां तक कि 'पाताल लोक' में भी नहीं।मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों के लिए मेरा दिल दुख से भर गया है।उन्होंने कहा, महादेव के आशीर्वाद से हमारी बेटियों के 'सिंदूर' का बदला लेने का मेरा वादा पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ही ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी।अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, शिव का अर्थ कल्याणकारी होता है, लेकिन जब आतंकवाद बढ़ता है, तो महादेव अपना रुद्र रूप धारण कर लेते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, दुनिया ने भारत के इसी रूप को देखा। जनसभा में उपस्थित जनता के बीच मोदी ने अपना उद्बोधन 'नमः पार्वती पतये हर हर महादेव' से शुरू किया। मोदी ने भोजपुरी में कहा, सावन के पावन महीने में आज हमके काशी के हमरे परिवार के लोगन से मिले क अवसर मिलल ह। हम काशी के हर परिवार जन के प्रणाम करत हईं। उन्होंने बताया कि आज काशी से देशभर के लाखों किसानों से जुड़े हुए हैं और सावन का महीना तथा काशी जैसा पवित्र स्थान होने से इससे बड़ा सौभाग्य कुछ नहीं हो सकता।प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मना रहा था, हमारे अपने देश में कुछ लोग इससे परेशान थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। मोदी ने भीड़ से सीधा सवाल किया: क्या आपको ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व नहीं है? क्या आपको इस बात पर गर्व नहीं है कि भारत ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया? उन्होंने आगे कहा, आप सभी ने देखा होगा कि कैसे हमारे ड्रोन और मिसाइलों ने सटीक हमले किए और आतंकवादी ठिकानों को मलबे में बदल दिया। पाकिस्तान में कई हवाई अड्डे अभी भी आईसीयू में हैं (सदमे से जूझ रहे हैं)। पाकिस्तान की पीड़ा समझ में आती है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता भी इससे निपट नहीं पा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बार-बार सशस्त्र बलों के शौर्य का अपमान कर रही है और उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक तमाशा तक कह दिया था।उन्होंने कहा, क्या 'सिंदूर' कभी मज़ाक हो सकता है? उन्होंने हमारी बहनों के पवित्र चिह्न और हमारे सैनिकों के शौर्य का अपमान करने का साहस किया। मोदी ने हमले के समय पर सवाल उठाने के लिए समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा, उनके एक नेता ने संसद में कहा था, 'पहलगाम में आतंकवादी अभी क्यों मारे गए?' क्या मुझे सपा नेताओं को बुलाकर पूछना चाहिए कि अभी हमला करना है या बाद में? क्या हमें इंतज़ार करना चाहिए और आतंकवादियों को भागने देना चाहिए?

## योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया जीआई क्राफ्ट निर्मित शिवलिंग, नंदी और त्रिशूल

**वाराणसी :** श्रावण मास के अवसर पर शनिवार को काशी पहुंचे वाराणसी के सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआई रजिस्टर्ड बनारस मेटल रिपोंसी क्राफ्ट से निर्मित कलाकृति भेंट की। इस शिल्प में काशी के तीन जीआई (भौगोलिक संकेतक) क्राफ्ट्स, जिसमें मेटल रिपोंसी क्राफ्ट, मीनाकारी और मेटल कास्टिंग क्राफ्ट का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। एक बयान के मुताबिक पद्मश्री से सम्मानित जीआई विशेषज्ञ डॉ. रजनी कांत ने बताया कि इस विशिष्ट उपहार में मीनाकारी की चौकी पर सुशोभित 18 इंच ऊंची और 15 इंच चौड़ी कलाकृति शामिल है। इसमें अरघा में शिवलिंग, पांच फन वाला नाग, नंदी, प्रसाद, कलश में गंगा जल, त्रिशूल और चंदन भस्म मौजूद है। इस कृति को धातु शिल्पी अनिल कसेरा, रघुनाथ कसेरा और मीनाकारी कलाकार अरुण कुमार वर्मा ने एक सप्ताह के निरंतर प्रयास और जीआई विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में श्रावण मास की थीम पर तैयार किया। डॉ. रजनी कांत ने कहा कि यह कलाकृति काशी की समृद्ध शिल्प परंपरा और जीआई की ताकत को दर्शाती है।

## किसान और आदिवासी, समाज के मजबूत स्तंभ : भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि किसान और आदिवासी समाज के मजबूत स्तंभ हैं, इसलिए इनका खुशहाल और समृद्ध होना आवश्यक है। शर्मा ने बांसवाड़ा के कॉलेज ग्राउंड में प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''किसान और आदिवासी समाज के मजबूत स्तंभ हैं। वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान का जो संकल्प लिया है, वह संकल्प तभी साकार होगा, जब गांव समृद्ध होंगे, किसान खुशहाल होगा और हर जनजातीय परिवार को सम्मान, सुविधा और अवसर मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए भी राज्य सरकार ने विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के तहत पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। मुख्यमंत्री शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े थे। आधिकारिक बयान के अनुसार राजस्थान के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में एक हजार 600 करोड़ रुपये की राशि भी इसके तहत स्थानांतरित की गई है। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना शुरू कर लघु एवं सीमांत किसानों की जिंदगी बदलने का काम किया है। उन्होंने (मोदी) लाखों करोड़ रुपये की खाद सब्सिडी देकर किसानों को राहत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दिया है और इसे 12 हजार रुपये तक बढ़ाने का संकल्प है। राज्य के 76 लाख से अधिक किसानों को अब तक मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की छह हजार 800 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

## बलिया में सड़क हादसों में प्रधानाध्यापक समेत दो लोगों की मौत, एक किशोर घायल

**बलिय :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में एक प्रधानाध्यापक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र में चिलकहर-टीकादेवरी मार्ग पर सहदेश और मटिंही गांव के बीच गुप्तेश्वर नाथ यादव (55) की एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि चिलकहर क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के गुप्तेश्वर नाथ यादव शिक्षा क्षेत्र सोहांव के प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर बढ़वलिया में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह स्कूल जा रहे थे कि तभी रास्ते में यह घटना हो गई।

## तेजस्वी यादव ने मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम नहीं होने का दावा किया, उपमुख्यमंत्री ने किया खंडन

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित 'मसौदा मतदाता सूची' में उनका नाम नहीं है। हालांकि, उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के साथ ही पटना जिला प्रशासन ने इस दावे का खंडन करते हुए मसौदा मतदाता सूची का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें यादव का विवरण और तस्वीर देखी जा सकती है। प्रेस वार्ता के दौरान, पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने अपने फोन को एक बड़ी स्क्रीन से जोड़ा और अपना ईपीआईसी नंबर खोजने की कोशिश की, जिससे परिणाम आया कि 'कोई रिकॉर्ड नहीं मिला।' तेजस्वी यादव ने कहा, ''देखिए! मैं खुद मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हूं। इससे मैं चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता हूं। शायद, मुझे नागरिक नहीं माना जाएगा और मैं इस घर में रहने के अधिकार से भी वंचित हो जाऊंगा।'' राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने यह भी दावा किया कि जब बूथ स्तर का अधिकारी उनके यहां गणना प्रपत्र लेकर आया था, तो उसने उन्हें कोई रसीद नहीं दी। राजद नेता ने कहा, ''लेकिन, मैंने कोई कसर नहीं छोड़ते हुए अपना हस्ताक्षरित और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सौंपते हुए अपनी तस्वीर खिंचवा ली थी।''

## झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जीवन रक्षक प्रणाली पर : अस्पताल

**रांची :** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं और वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। यह जानकारी शनिवार को दिल्ली के एक निजी अस्पताल ने एक बयान में दी। इसी अस्पताल में मंत्री को भर्ती कराया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 62 वर्षीय नेता अपने घर के बाथरूम में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे जिसके बाद उन्हें जमशेदपुर से हवाई मार्ग से राष्ट्रीय राजधानी के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ले जाया गया। झामुमो द्वारा साझा किए गए बयान में कहा गया है, वह वर्तमान में गंभीर स्थिति में हैं और जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है और गहन चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पहले कहा था कि गिरने के कारण सोरेन को मस्तिष्क में चोट लगी है। वह सोरेन के साथ दिल्ली गए हैं। सुबह सोरेन को जमशेदपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके मस्तिष्क में रक्त के थक्के जमने का पता लगाया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ राहत के लिए अपने मंत्रियों की 'टीम-11' का गठन किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए अपने मंत्रियों की 'टीम-11' नामक एक विशेष टीम का गठन किया है। यहां शनिवार को एक आधिकारिक बयान के जरिये यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में हालिया बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अपने मंत्रियों की एक विशेष 'टीम-11' का गठन किया है। यह टीम बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित न रह जाए। बयान के मुताबिक बाढ़ प्रभावित जनपद एवं प्रभारी मंत्रियों में (टीम-11) प्रयागराज- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जालौन- स्वतंत्र देव सिंह एवं संजय गंगवार, औरैया- स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रतिभा शुक्ला, हमीरपुर- रामकेश निषाद, आगरा- जयवीर सिंह, मिर्जापुर- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', वाराणसी- सुरेश खन्ना, कानपुर देहात- संजय निषाद, बलिया- दया शंकर मिश्रा 'दयालु', बांदा- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', इटावा- धर्मवीर प्रजापति और फतेहपुर- अजीत पाल शामिल हैं। इन 11 मंत्रियों में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल गुप्ता नंदी को दो-दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## रणजीत सिंह गिल के भाजपा में शामिल होने के एक दिन बाद उनके परिसरों पर पंजाब सतर्कता ब्यूरो के छापे



**चंडीगढ़ :** भाजपा में एक दिन पहले शामिल हुए अकाली दल के पूर्व नेता और प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी रंजीत सिंह गिल के परिसरों पर शनिवार को पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा ने सतर्कता ब्यूरो द्वारा गिल के खिलाफ की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की तथा 'आप' सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना में लिप्त होने का आरोप लगाया। गिल शुक्रवार रात यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सरकारी आवास पर भाजपा में शामिल हुए। सतर्कता ब्यूरो के अधिकारियों ने गिल के चंडीगढ़ स्थित आवास और मोहाली के खरड़ स्थित कार्यालय पर छापेमारी की। हालांकि, इस कार्रवाई के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। खरड़ और चंडीगढ़ में गिल के आवास के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। भाजपा की पंजाब इकाई के नेता सुभाष शर्मा ने गिल के पार्टी में शामिल होने के बाद सतर्कता ब्यूरो द्वारा उनके परिसरों पर की गई छापेमारी के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की।

## केंद्र उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रहा : चौहान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। चौहान ने यहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''देश के किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। कृषि मंत्री के रूप में किसानों की सेवा करना मेरे लिए ईश्वर की पूजा के समान है। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा।'' उन्होंने प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना जैसी पहल के माध्यम से, विशेष रूप से कम उपज वाले क्षेत्रों में, प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादकता बढ़ाने के प्रयासों पर जोर दिया। चौहान ने किसानों को उर्वरकों और कीटनाशकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन भी दिया तथा फसल नुकसान की भरपाई के लिए विभिन्न योजनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''कृषि क्षेत्र में अनुसंधान की दिशा अब दिल्ली से नहीं, बल्कि गांवों और किसानों के खेतों से तय होगी। हमारे प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता खेती को और अधिक लाभदायक बनाने की है।'' केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा, ''पीएम किसान योजना के तहत 3.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है।'' उन्होंने मखाना उत्पादन में बिहार के महत्वपूर्ण योगदान तथा कृषि विज्ञान और कृषि पद्धतियों के बीच की खाई को पाटने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। चौहान ने कहा कि अब फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाती है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन शामिल होता है, जो सरकार के किसान-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वित्तीय सहायता किसानों के बैंक खातों तक पहुंचे।

## वर्ग पहेली नं. 3172



**बायें से दायें :-** 1) प्रशंसनीय, 4) पत्नी की भाभी, 7) अपेक्षतः कम मूल्य का, 8) नींद में दिखाई देनेवाली घटनाएँ, 10) बोझिल, 11) मूल्य; रेट, 12) अंजाम; सीमा, 13) नमीयुक्त, 15) दृश्य; संसार, 17) मनगढ़ंत, 19) दयालु, 20) छागल, 21) जख्म का घुरंड; परत, 23) उचित, 26) खंदक, 27) उँह; ना ना ना, 28) निष्ठावान; कृतज्ञ.

**ऊपर से नीचे :-** 1) सदस्य, 2) मुकरना; खिसकना, 3) अपरिवर्तित, 4) ग़मख़ार; सहिष्णु, 5) लालसा, 6) मटमैले रंग की एक धातु, 9) बुरक़ापोश, 12) यमराज, 14) एक बंगाली मिठाई, 15) धूप, 16) अष्टपाद जालकीट, 17) अवयस्क, 18) पक्षाघात, 22) शरण, 24) जैनों के तीर्थंकर; एक मादक पेय; भूत-प्रेत, 25) रासायनिक विस्फोटक गोला, 26) त्वचा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 7 | | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 8 |
| | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 5 | 8 | | 4 | |
| | | | | 2 | 9 | | | |
| 8 | | 4 | | | 5 | | | |
| | | | | | 1 | | 7 | |
| | | 5 | | 7 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3128 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 9 | 8 |

# ‘बंगाल में मत्स्य पालन योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी की जरूरत’

## केन्द्रीय मत्स्य मंत्री ने राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड में पंजीकरण बढ़ाने और प्रोसेसिंग एवं निर्यात पर विशेष ध्यान देने की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार की मत्स्य पालन योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने के लिए राज्य को अपनी कार्य प्रणाली में तेजी लानी होगी। यह बात शनिवार को कोलकाता में आयोजित एक क्षेत्रीय समीक्षा बैठक के दौरान केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कही। बैठक के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 32 लाख मत्स्य पालक हैं, लेकिन इनमें से बेहद कम संख्या में ही राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के तहत पंजीकृत हैं। इससे उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना




(पीएम-एमकेएसएसवाई) जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से एनएफडीबी में अधिक से अधिक मत्स्य पालकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में इनलैंड फिशरीज यानी आंतरिक मत्स्य क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें अभी तक पूरी तरह उपयोग में नहीं लाया गया है। उन्होंने पारंपरिक तालाबों के विकास, मछुआरों के लिए सहकारी ढांचों के निर्माण और एक मजबूत प्रोसेसिंग इकोसिस्टम तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि राज्य में ड्राय फिश क्लस्टर विकसित करने की योजना पर काम हो रहा है, जिससे न केवल निर्यात बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

कोलकाता के एक होटल में आयोजित इस क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के लिए मत्स्य क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

### कुछ विपक्षी दल एसआईआर की अनुचित आलोचना कर रहे हैं : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने शनिवार को कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केंद्र द्वारा नहीं किया जा रहा है, बल्कि यह पूरी तरह से निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कुछ राजनीतिक दलों पर अपने फायदे के लिए इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया। सिंह ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को परेशान किया जा रहा है। सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मतदाता सूची की एसआईआर केंद्र सरकार द्वारा शुरू नहीं की गई है। यह निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग केवल यह सत्यापित कर रहा है कि इस देश के असली नागरिक कौन हैं। क्या आपको नहीं लगता कि जो लोग मर चुके हैं या देश से बाहर जा चुके हैं, उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाने चाहिए? उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से कुछ विपक्षी दल मृतकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में रुचि रखते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, निर्वाचन आयोग ने किसी व्यक्ति को नागरिकता साबित करने के लिए 11 विकल्प दिए हैं।

### कानून-व्यवस्था पर सख्ती : नवान्न में राज्य सरकार ने शुरू किया आधुनिक डिजिटल कंट्रोल रूम



**कोलकाता :** राज्य की कानून-व्यवस्था को और मज़बूती देने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए नवान्न में डिजिटल कंट्रोल रूम की शुरुआत की है। यह कंट्रोल रूम एडीजी (कानून-व्यवस्था) के अंतर्गत संचालित होगा और राज्यभर की स्थिति पर डिजिटल नज़र रखेगा। इस कंट्रोल रूम में सभी जिलों के सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड उपलब्ध रहेगी, जिससे किसी भी क्षेत्र में होने वाली अशांति या कानून-व्यवस्था की गड़बड़ी का तुरंत पता चल सकेगा। नवान्न के तीसरे तल पर स्थित इस केंद्र में एक सब-इंस्पेक्टर, दो एएसआई और छह कांस्टेबल तीन शिफ्टों में काम करेंगे, ताकि पूरे 24 घंटे निगरानी रखी जा सके। इससे पहले केवल कोलकाता पुलिस के कंट्रोल रूम से कुछ इलाकों की निगरानी होती थी, लेकिन अब राज्य भर में फैले हजारों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सीधे नवान्न से देखी जा सकेगी। हाल ही में एक अलग मॉनिटरिंग यूनिट बनाई गई थी, जिसे अब और अधिक आधुनिक रूप दिया गया है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, भविष्य में इस कंट्रोल रूम में और भी अत्याधुनिक तकनीकों को जोड़ा जाएगा ताकि इसे राज्य स्तरीय केंद्रीय निगरानी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। किसी भी आपात स्थिति में रियल-टाइम में कार्रवाई करने की यह व्यवस्था राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत बनाएगी।

## बाहरी राज्यों में बंगाली प्रवासी मजदूरों से अत्याचार पर ममता बनर्जी होंगी उत्तर बंगाल दौरे पर सक्रिय

**कोलकाता :** बंगाली भाषा बोलने वाले प्रवासी मज़दूरों पर बाहरी राज्यों में हो रहे उत्पीड़न को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गहरी चिंता में हैं। 21 जुलाई की सभा से ही उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर हमला बोला था।

शांतिनिकेतन से ‘भाषा आंदोलन’ की शुरुआत करने के बाद अब ममता बनर्जी 6 अगस्त को झाड़ग्राम के जंगलमहल से इस आंदोलन को और तेज़ करेंगी। इस बीच उत्तर बंगाल से भी कई प्रवासी श्रमिकों के उत्पीड़न की खबरें सामने आई हैं। विशेष रूप से असम से एनआरसी नोटिस भेजकर उत्तर बंगाल के लोगों को मानसिक दबाव में डाले जाने की बात सामने आई है।

इन हालातों के मद्देनज़र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 17 से 21 अगस्त



के बीच उत्तर बंगाल दौरे पर जाने की संभावना है। इस दौरान वे शिलिगुड़ी में एक विरोध रैली में भाग ले सकती हैं और कोचबिहार भी जा सकती हैं। अगर मौसम अनुकूल रहा तो मुख्यमंत्री का दार्जिलिंग और पहाड़ी इलाकों का भी दौरा करने का कार्यक्रम बन सकता है।

यह दौरा न सिर्फ प्रवासी मज़दूरों की आवाज़ उठाने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि बंगाली भाषा और अस्मिता की रक्षा को लेकर तृणमूल कांग्रेस की रणनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## जन्म प्रमाण पत्र में सुधार को लेकर भ्रष्टाचार! स्वास्थ्य विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन

**कोलकाता :** जन्म प्रमाण पत्र में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही सख्त कदम उठाए थे। अब नाम में सुधार को लेकर भी स्वास्थ्य भवन ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। अब जरूरत के अनुसार या अपनी इच्छा से कोई भी व्यक्ति नाम नहीं बदल सकेगा। राज्य के विभिन्न जिलों से नाम सुधार की प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है।

इस संबंध में हर जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट और कोलकाता नगर निगम के आयुक्त को पत्र भेजा गया है। इसके साथ ही एक स्पष्ट गाइडलाइन भी जारी की गई है। गाइडलाइन के



मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

- अगर किसी बच्चे का नाम रजिस्टर में दर्ज नहीं है और केवल बाकी विवरण मौजूद हैं, तो पुख्ता दस्तावेज और प्रमाण की जांच के बाद ही रजिस्टर में नाम दर्ज किया जा सकेगा। हालांकि, उस स्थिति में संबंधित रजिस्ट्रार को यह उचित लगना चाहिए, तभी नाम जोड़ा जा सकता है।
- यदि माता-पिता का तलाक हो गया हो, तो उस स्थिति में बच्चे का पहले से रजिस्टर में दर्ज नाम किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकेगा।
- अगर नाम की वर्तनी में गलती है, टाइपिंग मिस्टेक है, या रजिस्टर में दर्ज करते समय मानवीय त्रुटि हुई है – तो ऐसी स्थिति में सही और स्पष्ट जानकारी देने के बाद ही नाम में सुधार किया जा सकेगा।
- अगर जन्म की तारीख पहले से दर्ज है, लेकिन नाम नहीं दिया गया है, तो भी सटीक दस्तावेज और प्रमाण दिखाने के बाद ही रजिस्टर में नाम दर्ज किया जा सकेगा।
- जन्म की तारीख में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता। अगर बदलाव जरूरी हो तो उसके लिए उपयुक्त और वैध प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- केवल व्यक्तिगत पहचान बदलने के उद्देश्य से नाम में संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

## स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए मिलेगा स्पेशल भत्ता, चुनाव आयोग ने की नई घोषणा

**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में भाग लेने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। चुनाव आयोग ने बीएलओ कर्मचारियों के लिए विशेष प्रोत्साहन राशि (स्पेशल इंसेंटिव) देने की घोषणा की है। अब बीएलओ को एसआईआर कार्य के लिए अतिरिक्त 6,000 दिए जाएंगे।

इसके साथ ही इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) को 30,000 और एडिशनल इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) को 25,000 वार्षिक विशेष भत्ते के रूप में प्रदान किए जाएंगे। यह कदम मतदाता सूची को और अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पहले ही चुनाव आयोग ने बीए-





लओ का वार्षिक भत्ता 6,000 से बढ़ाकर 12,000 करने की घोषणा की थी। अब एसआईआर के तहत विशेष भत्ता जुड़ने से बीएलओ कर्मचारियों की वार्षिक आय 20,000 तक पहुंच जाएगी।

इसके साथ ही बूथ लेवल सुपरवाइजरों के भत्ते में भी वृद्धि की गई है। आयोग का मानना है कि इस आर्थिक प्रोत्साहन से बीएलओ और अन्य संबंधित अधिकारियों का कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा और मतदाता सूची को बेहतर तरीके से अपडेट किया जा सकेगा।

## ममता के ‘बंगाली अस्मिता’ के विमर्श को कुंद करने के लिए भाजपा ने शुरू किए सीएए सहायता डेस्क

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के ‘बंगाली अस्मिता’ विमर्श को कुंद करने और मतुआ मतों को दोबारा अपने पाले में करने के लिए भाजपा ने राज्य के कुछ हिस्सों में सीएए सहायता डेस्क शुरू किए हैं, जो ‘दस्तावेज के बिना नागरिकता आवेदन’ की सुविधा प्रदान करते हैं। ‘सीएए सहयोगिता शिविर’ के नाम से ये सहायता डेस्क सबसे पहले बागदा में शुरू हुए और अब ये तेजी से बनगांव दक्षिण और उत्तर 24 परगना के अन्य मतुआ बहुल इलाकों में प्रारंभ किए जा रहे हैं। सहायता डेस्क का संदेश स्पष्ट है कि पहले आवेदन करें, बाद में सत्यापन। एक भाजपा नेता ने



कहा कि धार्मिक उत्पीड़न के कारण पड़ोसी देशों से आए शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश के पास कोई दस्तावेज नहीं है, अभी भी संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। पार्टी पदाधिकारी ने कहा कि भाजपा ने इन डेस्क की स्थापना बांग्लादेश से सताए गए हिंदुओं के लिए संजीवनी के रूप में और ममता बनर्जी की पहचान आधारित राजनीति का मुकाबला करने के लिए कर रही है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और मतुआ स्वयंसेवक ऑनलाइन फॉर्म भरने, हलफनामे हासिल करने और आवेदन के प्रमाण के रूप में रसीदें देने में सहायता कर रहे हैं। महासंघ के महासचिव महितोष बैद्य ने कहा कि ये सहायता शिविर सिर्फ शरणार्थी क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में लगाए जाएंगे। यह सिर्फ मतुआ समुदाय की बात नहीं है, हर प्रताड़ित हिंदू की इसमें भागीदारी है। अगले कुछ महीनों में हमारा लक्ष्य 1.5 करोड़ लोगों तक पहुंचना है।

## कोलकाता में फिर ढही जर्जर इमारत, कांकुड़गाछी में दो बच्चों समेत छह घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के मानिकतला इलाके में शनिवार की सुबह एक पुरानी इमारत का हिस्सा ढह गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कांकुड़गाछी क्षेत्र में हुई इस दुर्घटना में दो बच्चों सहित छह लोग घायल भी हो गए हैं। घायलों में एक महिला भी शामिल है, जो बच्चों की मां बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दिन, सुबह करीब 6 बजे वार्ड 32 में अचानक इमारत का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में पास की इमारत के कुछ लोग आ गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत बचाव कार्य में जुटे और पुलिस व आपदा प्रबंधन विभाग को सूचना दी गई। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद



स्थानीय निवासियों का कहना है कि इमारत काफी पुरानी और जर्जर हालत में थी, जिसकी शिकायत पहले भी नगर निगम से की गई थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया है। फिलहाल राहत व बचाव कार्य जारी है और इमारत के आसपास के इलाकों को सुरक्षा के लिहाज से घेर लिया गया है।

## कोलकाता हवाई अड्डे पर कांच तोड़कर भागने की कोशिश, बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब एक बांग्लादेशी नागरिक ने एयरपोर्ट के इंटरनेशनल लाउंज की कांच तोड़कर भागने की कोशिश की। युवक की पहचान मोहम्मद अशरफुल (25) के रूप में हुई है, जो सिंगापुर में कार्यरत है और इंडिगो की फ्लाइट से सिंगापुर से कोलकाता पहुंचा था। उसकी अगली फ्लाइट ढाका के लिए थी। उपस्थित लोगों के अनुसार, वह लाउंज में



बैठा था, तभी अचानक उसने कांच को तोड़कर बाहर भागने का प्रयास किया। मौके पर तैनात सीआईएसफ जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया और एयरपोर्ट अधिकारियों द्वारा पूछताछ के बाद उसे बिधाननगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ के दौरान युवक अजीबोगरीब बातें कर रहा था, जिससे उसकी मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठ रहे हैं। साथ ही, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं वह किसी प्रकार की तस्करी या आपराधिक गतिविधि में शामिल तो नहीं था। फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया।

### बिधाननगर में जलभराव से परेशानी, बुजुर्ग महिला की सांप के काटने से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर नगर निगम की निवासी एक बुजुर्ग महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना नारायणपुर निरंजनपल्ली में हुई। इलाके में दहशत का माहौल है। निवासियों का आरोप है कि इलाके में जमा पानी के कारण जहरीले प्राणी घर में घुस रहे हैं। नगर निगम ने कहा कि पानी निकालने का काम चल रहा है। वे बुजुर्ग महिला के परिवार के साथ हैं। मृतका की पहचान मिठू प्रमाणिक (60) के रूप में की गई है। वह बिधाननगर नगर निगम के वार्ड 3 की निवासी हैं। पता चला है कि गत शुक्रवार को महिला रसोई में थी। उस समय, जैसे ही वह खड़ी हुई, घर में पहले से मौजूद एक जहरीले सांप ने उसके माथे पर काट लिया। वह चीखी और बेहोश होकर फर्श पर गिर पड़ी। उस समय घर में कोई नहीं था। पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बुजुर्ग महिला को आरजी कर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने इलाके में जमा पानी ज़हरीले जानवरों का अड्डा बन गया है। उनका कहना है कि यह घटना उसी की वजह से हुई है।

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-116-2025 दिनांक: 28/07/2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में तीन विविध कार्य:- (i) कटनी-मनिकपुर एवं सतना-रीवा खंड में सीटीआर 38.413 कि.मी. टीटीआर 3.77 कि.मी. एवं टीबीआर 25.30 कि.मी.। (ii) सतना-मानिकपुर और सतना-रीवा खंड में यार्डो में सुधार के संबंध में सीटीआर-1.491 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्लूसीएमएस) 1/12-16 संख्या, टीटीआर (एफएस+टीडब्लूएस+डब्लूसीएमएस) 1/8.5-43 संख्या, टीटीआर (टीडब्लूएस+डब्लूसीएमएससी) 1/12-11 संख्या, टीओआर (टीडब्लूएस+ डब्लूसीएमएससी) 1/8.5-19 संख्या और टीटीआर (एफएस) 1 in 8.5-1 संख्या का कार्य। (iii) वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के क्षेत्राधिकार के मानिकपुरा खंड के सगमा-अंतर्गत सतना, मारकुंडि और बारामाफी स्टेशनों पर लाइनों की क्लियर स्टैंडिंग लेंग्थ/क्लियर स्टैंडिंग रुम की वृद्धि। कार्य का अनुमानित मूल्य : 11,07,28,732/-, बयाना राशि रुपये: 7,03,700/-, समापन अवधि : 12 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक : 22.08.2025, निविदा खुलने का तिथि एवं समय 15:00 बजे तक : 22.08.2025, निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी-117-2025 दिनांक: 30/07/2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित : वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीना-कटनी के 5 पुलों पर प्रमुख /महत्वपूर्ण पुल संख्या 1151/1 डाउन, 1151/1 अप, 1175/1 डाउन, 1175/1 अप, 1185/1 डाउन कुल 2150 संख्या पर चैनल स्लीपरों को एच-बीम स्लीपरों से प्रतिस्थापित किया जाना। कार्य का अनुमानित मूल्य: 7,10,02,098/-, बयाना राशि रुपये: 5,05,000/-, समापन अवधि : 12 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक : 22.08.2025, निविदा खुलने का तिथि एवं समय 15:00 बजे तक: 22.08.2025, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक 8कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गयी है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## स्वतंत्रता दिवस परेड की रिहर्सल को लेकर कोलकाता में कई सड़कों पर रहेगा प्रतिबंध



**कोलकाता :** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत कोलकाता में परेड रिहर्सल की वजह से 5 अगस्त से 8 अगस्त तक हर दिन सुबह 5 बजे से 8:30 बजे तक शहर की कई महत्वपूर्ण सड़कों पर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। इस संबंध में कोलकाता पुलिस की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। पुलिस ने बताया है कि रिहर्सल के दौरान रेड रोड, कासुरिना एवेन्यू, और खिदिरपुर रोड की उत्तरगामी लेन बंद रखी जाएंगी। साथ ही हॉस्पिटल रोड, लवर्स लेन, और किंग्सवे पर भी यातायात पर रोक रहेगी। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस ने जानकारी दी है कि इन चार दिनों के दौरान इन मार्गों से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया जाएगा। आम लोगों से अपील की गई है कि वे इस दौरान संबंधित मार्गों से बचें और पुलिस द्वारा तय वैकल्पिक मार्गों का पालन करें। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के लिहाज़ से यह कदम उठाया गया है।

## बांडेल गेट में दवा कारखाने में भीषण आग, पूरे इलाके में छाया काला धुआं

### दमकल की 10 इंजनों की मदद से आग पर पाया गया काबू, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बांडेल गेट इलाके में शनिवार को मेडिकल उपकरण बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की 10 इंजनों की मदद से दो घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, आग से फैक्ट्री को भारी नुकसान पहुंचा है। आग के चलते पूरे इलाके में काला धुआं छा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आग शाम करीब 4 बजे बांडेल गेट के सामने स्थित देज मेडिकल नामक फैक्ट्री में लगी। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल रखे हुए थे। नतीजतन, आग तेजी से फैल गई। इसके चलते फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। आग की खबर मिलते ही दमकल



की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर आखिरकार काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फैक्ट्री करीब 75 साल पुरानी है। हाल ही में वहां रखरखाव का काम शुरू हुआ था। शनिवार की दोपहर वेल्डिंग का काम चल रहा था। माना जा रहा है कि आग उसी समय लगी होगी। आग लगने के बाद फैक्ट्री से सटे घरों में रहने वाले लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### ‘मेट्रो राइड कोलकाता’ ऐप का नया नाम अब 'आमार कोलकाता मेट्रो'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने अपनी आधिकारिक मोबाइल ऐप ‘मेट्रो राइड कोलकाता’ का नाम बदलकर अब इसे ‘आमार कोलकाता मेट्रो’ कर दिया है। यह बदलाव 1 अगस्त से एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर लागू हो चुका है और जल्द ही आईओएस प्लेटफॉर्म पर भी प्रभावी होगा। अब तक 12.3 लाख से अधिक एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं ने इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया है, वहीं 76,000 से ज्यादा आईओएस उपयोगकर्ता भी इसे सक्रिय रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। मेट्रो स्टाफ भी यात्रियों की मदद के लिए विभिन्न स्टेशनों पर तैनात हैं, जो ऐप डाउनलोड और उपयोग की प्रक्रिया समझाते हैं। कोलकाता मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से डिजिटल भुगतान अपनाने और ऑनलाइन टिकट खरीदने का विशेष आग्रह किया है ताकि टिकट काउंटरों पर भीड़ और लंबी कतारों से बचा जा सके।

## बंगाल सरकार का ‘आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान’ अभियान शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले लोगों से सीधा जुड़ाव बनाने और स्थानीय समस्याओं को सुलझाने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार से एक व्यापक संपर्क अभियान शुरू किया है। बता दें कि ‘आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान’ (हमारा मुहल्ला, हमारा समाधान) अभियान पर ममता सरकार कुल आठ हजार करोड़ खर्च करने जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस योजना की घोषणा 22 जुलाई को की थी। इस अभियान के तहत जिलों में सड़क सुधार, स्ट्रीट लाइट लगाने, पानी की आपूर्ति जैसी स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। हर जिले में एक टास्क




फोर्स बनाई गई है जिसकी निगरानी राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत की अगुवाई में होगी। शनिवार से ही कई कैंपों ने काम करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह कैंप दो महीने तक चलेंगे। इसके बाद, 30 दिनों तक प्रशासनिक मूल्यांकन किया जाएगा और फिर अगले तीन महीनों में लोगों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में हर दो बूथ पर एक कैंप स्थापित किया गया है। सरकारी विज्ञापन के अनुसार, नागरिक सरकारी पोर्टल पर जाकर अपने बूथ की योजना, बजट का इस्तेमाल और प्रगति की जानकारी देख सकते हैं। सरकार के अनुसार, यह पहल भारतीय इतिहास में अभूतपूर्व है और यह दर्शाती है कि राज्य सरकार नीति निर्माण के केंद्र में जनता को रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# हल्दिया में मां-बेटी को जिंदा जलाने के जुर्म में चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया में मां-बेटी को जिंदा जलाने के जुर्म में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया था। शनिवार को तमलुक कोर्ट ने चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई। तमलुक जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश प्रियव्रत रॉय ने यह सजा सुनाई। बता दें कि 18 फरवरी, 2020 को उत्तर 24 परगना के न्यू बैरकपुर की निवासी वाली मां-बेटी को जिंदा जला दिया गया था। इस मामले में मुख्य अपराधी हल्दिया निवासी शेख सद्दाम हुसैन था, जिसका मां-बेटी दोनों के साथ




अवैध संबंध था। स्थानीय और अदालती सूत्रों के अनुसार, न्यू बैरकपुर की निवासी रिया और उसकी मां रमा का इस मामले के मुख्य आरोपी हल्दिया निवासी शेख सद्दाम हुसैन से अवैध प्रेम संबंध था। युवक मां-बेटी को हल्दिया स्थित एक किराए के मकान में ले आया और वहां रखा। वहां सद्दाम ने धर्म परिवर्तन कराकर लड़की से शादी कर ली। और तभी से यह प्रेम त्रिकोण संबंध बिगड़ने लगा। काफी अशांति शुरू हो गई। और इसीलिए सद्दाम ने मां-बेटी को हमेशा के लिए दुनिया से मिटाने के लिए उनकी हत्या करने की योजना बनाई। सद्दाम और उसके तीन साथियों मंजूर आलम मल्लिक, शुकदेव दास उर्फ शिबू और अमीनुर हुसैन ने मां-बेटी की पिटाई की और पहले उन्हें नींद की गोलियां देकर बेहोश कर दिया। उन्हें मरा समझकर मां-बेटी को हल्दी नदी के किनारे एक कार में दुर्गाचक थाने के झिकुरखाली इलाके में ले जाया गया। वहां उन पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया। मां-बेटी के जलते हुए शव बरामद किए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जले हुए शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डीएनए जांच से दोनों की पहचान हुई। पुलिस ने जांच की और सद्दाम और उसके तीन साथियों को एक-एक करके गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई तमलुक अदालत में शुरू हुई। पुलिस ने मामले के 90 दिनों के भीतर अदालत में आरोप पत्र दायर किया। मामले की सुनवाई लगभग पांच साल तक चली। शुक्रवार को अदालत ने 45 गवाहों और कई सबूतों के आधार पर सद्दाम समेत चार आरोपियों को दोषी ठहराया। शनिवार को न्यायाधीश ने हत्या और सबूत नष्ट करने के जुर्म में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# स्कूल में पढ़ाने पर अब और ज्यादा सुविधाएं... एसएससी ने साफ कर दिया!

## नई भर्ती को लेकर वेबसाइट पर बड़ा निर्देश

**कोलकाता :** नियुक्ति प्रक्रिया में कार्यरत और योग्य शिक्षकों को अतिरिक्त सुविधा देने की बात साफ कर दी है स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने। स्कूलों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं जो इस बार की एसएससी परीक्षा में आवेदन कर रहे हैं, उनसे स्कूल का नाम सहित कई अन्य जानकारी मांगी गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या इस अतिरिक्त सुविधा के चलते ही स्कूल सर्विस कमीशन की वेबसाइट पर यह नया विकल्प जोड़ा गया है?

सूत्रों से पता चला है कि एसएससी की साइट पर नवम-दशम (कक्षा 9-10) और एकादश-द्वादश



(कक्षा 11-12) की शिक्षक नियुक्तियों के लिए कार्यरत शिक्षकों को एडिट ऑप्शन (जानकारी संशोधन का विकल्प) दिया जा रहा है। उनसे यह पूछा गया है कि पिछली परीक्षा में उनका रोल नंबर क्या था? उन्होंने पहले कहां शिक्षक के रूप में काम किया है? उसका कोड नंबर क्या था? उनका स्कूल कोड क्या है?

शिक्षक अब आवेदन पत्र में ये जानकारियां भर सकेंगे- जैसे कि स्कूल का नाम, पहली बार स्कूल में कब नियुक्त हुए थे, कुल कितने वर्षों का अनुभव है आदि।

एसएससी की वेबसाइट पर जाकर एडिट ऑप्शन में इन सूचियों को भरना होगा। केवल वही शिक्षक यह सूची भर सकते हैं जो वर्तमान में कार्यरत हैं या फिर योग्य माने जा रहे हैं। यह प्रक्रिया 5 अगस्त से 11 अगस्त तक चलेगी।

शुक्रवार देर रात स्कूल सर्विस कमीशन की ओर से यह अधिसूचना जारी की गई।

# ममता बनर्जी ने आचार्य प्रफुल्लचंद्र रॉय को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य प्रफुल्लचंद्र रॉय की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। शनिवार को एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने रसायन विज्ञान, शिक्षा, औद्योगिक विकास और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया और उन्हें बंगाल के आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य प्रफुल्लचंद्र रॉय एक असाधारण प्रतिभा के धनी रसायनविद, शिक्षाविद, उद्योगपति और दूरदर्शी समाज सुधारक थे। उन्होंने यह सिखाया कि विज्ञान को समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कैसे प्रयोग किया जा सकता है। ममता बनर्जी ने इस बात पर गर्व जताया कि प्रफुल्लचंद्र रॉय द्वारा



स्थापित 'बंगाल केमिकल' सिर्फ एक उद्योग नहीं, बल्कि बांग्ला की आत्मनिर्भरता का एक मूर्त प्रतीक था। उन्होंने कहा, आचार्य चाहते थे कि बंगाली समाज आत्मनिर्भर और उद्यमशील बने। हमने उनकी स्मृति को सम्मान देने के लिए कोलकाता मेट्रो में एक स्टेशन का नाम उनके नाम पर रखवाया है, जिसे लेकर मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि आचार्य प्रफुल्लचंद्र रॉय के आदर्श और उनके कार्य आज भी हमें प्रेरणा देते हैं और हमारे पथप्रदर्शक बने हुए हैं।

# सीकर नागरिक परिषद द्वारा तुलसी जयंती कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा बृहस्पतिवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन रथीन्द्र मंच में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुंज बिहारी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कहा आज के आधुनिक युग के बच्चों को अपने धर्म एवं संस्कार से जोड़ने का सफल प्रयास परिषद द्वारा किया जाता हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परिषद के सभी सक्रिय महिला वृंदों की सराहना की।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण परिषद अध्यक्ष अरविंद बियानी द्वारा दिया गया।

सचिव रवि शंकर सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया की अनुप्रेरणा से गोस्वामी तुलसीदास जयंती के




अवसर पर अतंविद्यालय प्रतियोगिता एवं ज्ञान ज्योति सम्मान का आयोजन स्व. छोटी द्वी सोभासरिया की पुण्य स्मृति में रूपा फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में मेघावी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान ज्योति सम्मान का भी आयोजन किया गया। इसमें पहला पुरस्कार श्री शिक्षायतन स्कूल और मारवाड़ी बालिका विद्यालय को दिया गया। दूसरा स्थान नेशनल हाई स्कूल, तीसरा स्थान टांटिया हाई स्कूल और चौथा स्थान श्री जैन विद्यालय को प्रदान किया गया। डॉ. प्रेम शंकर त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधन में रामचरितमानस के अध्ययन का लाभ बताया। उन्होंने कहा सीकर नागरिक परिषद द्वारा प्रति वर्ष तुलसी जयंती का कार्यक्रम किया जा रहा है। जो किसी अन्य संस्था द्वारा नहीं किया जाता। कार्यक्रम में रुचिका गुप्त, पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल के अलावा निर्णायक के रूप में डॉ. रेशमी पाण्डा मुखर्जी, अमरनाथ सिंह, डॉ. कमल कुमार मौजुद थे। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता लोहिया, रेखा चौधरी, विभा सीकरिया, चंचल मित्तल, रश्मि सराफ, किरण सोढ़नी, सुमन सीकरिया, मंजू अग्रवाल, ललिता सारडा, रीता अग्रवाल रवि लोहिया, कमल प्रसाद चौधरी, नवनीत सोढ़ानी, केशव सोमानी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे। मंच संचालन सुनीता लोहिया एवं रश्मि सराफ द्वारा किया गया।

# परीक्षा वाले दिन घर से आठवीं कक्षा के छात्र का लटकता हुआ शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा**

बनगांव थाना अंतर्गत जोका गांव में शनिवार को परीक्षा वाले दिन घर से एक नाबालिग छात्र लटकता हुआ शव बरामद हुआ। परिवार वाले इस बात से हैरान हैं कि एक दिन पहले तक स्वस्थ और सामान्य रहने वाला लड़का अचानक आत्महत्या कैसे कर सकता है। मृतक का नाम रजनीश मंडल (14) है। वह उत्तर 24 परगना के बागदा प्रखंड के हेलेंचा हाई स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ता था। बताया गया है कि इस दिन, स्कूल में अंग्रेजी की परीक्षा थी। उसकी तैयारी भी जोरों पर थी। लेकिन वह परीक्षा नहीं दे सके। परिवार शोक में डूबा है। लेकिन आत्महत्या के कारण को लेकर



पूरा परिवार असमंजस की स्थिति में है। स्कूल प्रशासन भी असमंजस की स्थिति में है। हालांकि, स्कूल के लोगों का कहना है कि रजनीश पढ़ाई में अच्छा होने के बावजूद उसके परिवार को भी उससे काफी उम्मीदें थीं। दूसरी ओर, पुलिस ने रजनीश का शव बरामद कर लिया है और अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बनगांव उपजिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# रोहिंग्या मुद्दे पर दिघा में रैली की हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ दी शुभेंदु अधिकारी को अनुमति

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को रोहिंग्या मुद्दे पर पूर्व मेदिनीपुर के दिघा में रैली निकालने की अनुमति मिल गई है। हालांकि, कोलकाता हाई कोर्ट ने इस अनुमति के साथ कई शर्तें भी लगाई हैं। शुभेंदु अधिकारी ने रैली की इजाजत न मिलने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

रोहिंग्या मुसलमानों की कथित घुसपैठ को लेकर राज्य में राजनीति पहले से ही गरम है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी सहित पार्टी के कई नेताओं ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमला बोला है। शुभेंदु ने दिघा में रैली की घोषणा की थी, लेकिन प्रशासन की ओर से इजाजत को



लेकर संशय बना हुआ था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में इस याचिका पर सुनवाई हुई।

कोर्ट ने दिघा में रैली की सशर्त अनुमति दे दी है। आदेश के अनुसार, यह रैली दिघा बाइपास स्थित विवेकानंद प्रतिमा के पास से शुरू होकर दिघा युवा आवास तक जाएगी। रैली में अधिकतम दो हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति दी गई है। इससे ज्यादा की संख्या कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित की गई है।

रैली का समय भी कोर्ट ने निर्धारित किया है - यह शाम 7:30 बजे शुरू होगी और रात 9:30 बजे तक समाप्त करनी होगी। रैली का नेतृत्व स्वयं शुभेंदु अधिकारी करेंगे।

पिछले कुछ दिनों से शुभेंदु अधिकारी लगातार आरोप लगा रहे थे कि बंगाल में रोहिंग्या घुसपैठ कर रहे हैं और राज्य सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। अब कोर्ट से रैली की अनुमति मिलने के बाद इस मुद्दे पर राज्य की राजनीति और गरमा सकती है।

# कर्मचारियों को डीए देने में असमर्थ ममता सरकार दुर्गा पूजा के लिए दे रही अनुदान

## सुप्रीम कोर्ट में शिकायत की तैंयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार द्वारा दुर्गा पूजा समितियों को दिए जाने वाले अनुदान में इस वर्ष की गई वृद्धि अब सुप्रीम कोर्ट में एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में उठ सकती है। राज्य सरकार के वर्तमान और सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका की सुनवाई चार अगस्त को उच्चतम न्यायालय में होनी है, जिसमें सरकार पर समय पर महंगाई भत्ते (डीए) का 25 प्रतिशत बकाया चुकता न करने का आरोप है। संयुक्त मंच, जो राज्य सरकार के कर्मचारियों का प्रमुख संगठन है, का कहना है कि सरकार ने अदालत में वित्तीय तंगी का हवाला देकर डीए बकाया देने से



इनकार कर दिया, जबकि उसी समय दुर्गा पूजा समितियों को दिया जाने वाला वार्षिक अनुदान बढ़ाकर 1.10 लाख कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष 85 हजार रुपये था। संगठन के एक पदाधिकारी ने बताया कि यह बिंदु उनके वकीलों की टीम ने गंभीरता से लिया है और सुप्रीम कोर्ट में इस पर दलील देने की तैयारी है।

# उड़ान श्रीभूमि ने सावन सिंधारा कार्यक्रम का किया रंगारंग आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांगुर स्थित सॉलिटेयर बैंक्वेट हॉल में शनिवार को सामाजिक संस्था उड़ान, श्रीभूमि की ओर से सावन सिंधारा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल ने किया। इस मौके पर फूलों से सजी पारंपरिक झूला, सावन के लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक परिधान में रैम्प वॉक, संवाद प्रतियोगिता और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित महिलाओं और मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से साल्टलेक से सांसद रितु अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता रितिका पोद्दार, लोकसंस्कृति से दर्शना गर्ग और सीकर नागरिक मंच की सुनीता लोहिया



सहित विभिन्न संस्थाओं की महिलाओं ने सहभागिता की। संवाद प्रतियोगिता में रूमा पटेल को प्रथम, काजल अग्रवाल को द्वितीय और कोमल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया और अन्य सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के सफल संचालन में नीतू अग्रवाल के नेतृत्व में प्रभा, भावना और रंजना अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में संस्था की सचिव मनीषा जैन, निशु केजरीवाल, सरिता शर्मा, अलका धांडनिया, सुनीता अग्रवाल और सिखा बगड़िया का भी पूरा सहयोग रहा।

## हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा यारी जैम ने कोलकाता में रचा नया संगीत इतिहास

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत का सबसे बड़ा ब्रांडेड लाइव इवेंट हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा यारी जैम अब कोलकाता में अपनी धुनें बिखेरने आ गया है। हाल ही में 36,000 फीट की ऊंचाई पर पहली इन-फ्लाइट म्यूजिक जैम का आयोजन कर चुके इस इवेंट ने अब ज़मीन पर भी यारी का उत्सव जारी रखा है। किंग, कर्मा, रवि गुप्ता और गुरलीन पन्नू ने चार्टर फ्लाइट में संगीत और हंसी की महफिल जमाई, और अब कोलकाता में फॉसिल्स, सनम, भार्ग काले और किंग जैसे सितारों के साथ नई शाम सजने जा रही है। डायजियो इंडिया और ट्राइबवाइब के इस अनूठे सहयोग ने यारी को केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन बना दिया है। फ्रेंडशिप डे के मौके पर यह इवेंट न सिर्फ मनोरंजन बल्कि रिश्तों को मनाने का भी मंच बन चुका है। आने वाले महीनों में यह ब्रांड देशभर में और भी शहरों में यारी का जश्न मनाने को तैयार है।

## पुजोत्सव अनुदान पर रोक की मांग: राम-बाम गठबंधन फिर पहुंचा हाई कोर्ट

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दुर्गा पूजा समितियों को दिए जाने वाले पुजो अनुदान को रोकने के लिए भाजपा और सीपीएम एक बार फिर एकजुट होकर हाई कोर्ट का रुख कर रहे हैं। सीपीएम सांसद बिकाश रंजन भट्टाचार्य ने शुक्रवार को बताया कि वे इस बार भी सरकार के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। हाई कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को भाजपा की ओर से भी इस मामले का उल्लेख किया गया और अदालत ने केस दर्ज करने की अनुमति दी है। हालांकि, अब तक की सुनवाइयों में कोर्ट ने कभी भी सरकार के इस अनुदान कार्यक्रम पर रोक लगाने का आदेश नहीं दिया है। बिकाश रंजन भट्टाचार्य ने कहा, हम हाई कोर्ट जरूर जाएंगे, लेकिन उसमें कितना लाभ होगा, ये कहना मुश्किल है। जब तक सुनवाई होगी, तब तक पूजा आ जाएगी और कोर्ट की छुट्टियाँ भी लग जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कोर्ट केवल कड़ी टिप्पणियाँ करता है, लेकिन कोई ठोस आदेश नहीं देता।

## सिलीगुड़ी में एसएसबी ने सात नेपाली युवतियों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया



**सिलीगुड़ी :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पानीटंकी बाजार से 41वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रानीडांगा की स्पेशल पेट्रोलिंग टीम ने मानव तस्करी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। शुक्रवार को एसएसबी टीम ने कार्रवाई करते हुए नेपाल से तस्करी की नीयत से भारत लाई जा रही सात नेपाली युवतियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इसके साथ ही दो मानव तस्करों को भारतीय सीमा में घुसपैठ के दौरान पकड़ा है। मुक्त कराई गई युवतियां नेपाल के संखुवासभा जिले की रहने वाली है। जिनकी उम्र 16 से 21 वर्ष के बीच है। तस्करों की पहचान जापान गुरुंग (61) और दीपेश गुरुंग (41) के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि युवतियों को हांगकांग और अन्य देशों में नौकरी के नाम पर ले जाया जा रहा था। इसके लिए पहले उन्हें भारतीय पते पर फर्जी आधार, पैन और वोटर कार्ड बनवाकर पासपोर्ट दिलाया था। एसएसबी ने युवतियों और दोनों तस्करों को खोरीबाड़ी थाने की पुलिस सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# 'रंगभूमि' उपन्यास के 100 वर्ष पूरे होने पर संगोष्ठी आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंग हिंदी भाषी समाज की साहित्य संस्कृति उप-समिति द्वारा प्रेमचंद की 145वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'रंगभूमि' उपन्यास के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन प्रेमचंद लाइब्रेरी, कोलकाता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य संस्कृति उप-समिति के अध्यक्ष केशव भट्टड़ ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने उपन्यास की प्रासंगिकता और सामाजिक दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की।

मुख्य वक्ता राजीव पांडेय ने कहा कि उपन्यास का नायक सूरदास एक दृष्टिहीन व्यक्ति होते हुए भी अन्याय के विरुद्ध मुखर प्रतिरोध करता है। वह अपनी सीमाओं में रहकर समाज के व्यापक हित की रक्षा करता है। उसकी भूमि पूरे समाज के उपयोग में आती है, लेकिन उसका कोई व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं जुड़ा होता। उपन्यास के अन्य पात्रों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सोफिया




सबसे दृढ़ और तार्किक स्त्री पात्र है, जो धार्मिक आस्थाओं पर सवाल उठाती है, जबकि जानसेवक जैसे पात्र सत्ता और पूंजी के गठजोड़ का चेहरा दिखाते हैं।

श्रीप्रकाश जायसवाल ने कहा कि 'रंगभूमि' में वह सब है जिससे आज का विश्व जूझ रहा है-सत्ता का दुरुपयोग, धार्मिक कट्टरता, और आम जनता की उपेक्षा। अध्यक्षीय भाषण में केशव भट्टड़ ने कहा कि प्रेमचंद ने हाशिए के पात्र सूरदास को केंद्र में लाकर सामाजिक न्याय और नैतिक संघर्ष को सजीव किया है। उन्होंने बताया कि 'रंगभूमि' शब्द रंगमंच से प्रेरित है, जो जीवन के विविध रंगों और नाटकीयता को दर्शाता है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सुमित जायसवाल ने कहा कि यह उपन्यास न केवल साहित्यिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी अत्यंत प्रभावशाली है। संचालन साहित्य संस्कृति उप-समिति के संयुक्त संयोजक अभिषेक कोहार ने किया।

## पार्क एवेन्यू फ्रेगरेंसेज़ ने डियोड्रेंट श्रेणी में 4एक्स प्रीमियम परफ्यूम रेंज के साथ किया विस्तार

**कोलकाता :** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का एक प्रमुख परफ्यूम और डियो ब्रांड, पार्क एवेन्यू फ्रेगरेंसेज, किफायती मूल्य पर प्रीमियम फ्रेगरेंस परफॉर्मेंस पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, पुरुषों के डियोडरेंट कैटेगरी में अपनी पैठ मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे बाजार अधिक समझदार और अनुभव-आधारित उपभोग के साथ विकसित हो रहा है, पार्क एवेन्यू इस कैटेगरी में नई वृद्धि की संभावनाओं को भुनाने के लिए अपने डियोड्रेंट पोर्टफोलियो को नए रूप में पेश कर रहा है। इसकी शुरुआत अमेज़न वुड्स के लॉन्च के साथ हुई है, जो एक 4एक्स प्रीमियम परफ्यूम स्प्रे है। नीरज सेंगुट्टुवन, हेड ऑफ मार्केटिंग - पर्सनल केयर, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने कहा, फ्रेगरेंस कैटेगरी में उपभोक्ता ऐसे परफ्यूम चाहते हैं, जो लंबे समय तक टिके। इसी सोच से प्रेरित होकर हम पार्क एवेन्यू की नई पेशकश 'अमेज़न वुड्स' को लॉन्च करने जा रहे हैं। यह फ्रेगरेंस पहले से ही लोकप्रिय है और अब और भी किफायती कीमत पर, शानदार परफॉर्मेंस के साथ उपलब्ध है।

## गोल्ड की बढ़ती कीमतों के बीच अधिकांश भारतीयों ने होम लॉकर को अपनाया

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस द्वारा कराए गए 'हैप्पीनेस सर्वे' के निष्कर्ष सामने आए हैं, जिनसे पता चला कि 83% प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत सामानों को सुरक्षित करने को अधिक महत्व दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 51% से अधिक उत्तरदाताओं ने विश्वसनीय होम लॉकर्स को प्राथमिकता दी और उनके इस निर्णय में सोना एक प्रमुख कारक था। इस सर्वे पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस के बिजनेस हेड पुष्कर गोखले ने कहा, 'जैसे-जैसे सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, यह उपभोक्ताओं की पसंद और प्राथमिकता को प्रभावित कर रही है और अपनी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर एक नई जिम्मेदारी की भावना को जन्म दे रही है।'

# बांग्ला भाषियों पर अत्याचार के खिलाफ प्रदेश युवा कांग्रेस ने निकाली रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देशभर में बांग्ला भाषी समुदाय पर हो रहे अत्याचार और एसआईआर के विरोध में कोलकाता के सुबोध मलिक स्क्वायर से एक रैली निकाली गई। यह रैली राजभवन तक जानी थी, लेकिन पुलिस ने कोलकाता नगर निगम के पास बैरिकेडिंग कर रैली को रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। विरोधस्वरूप कार्यकर्ता बीच सड़क पर बैठ गए और लगभग 30 मिनट तक रास्ता अवरुद्ध किया गया। पुलिस ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लालबाजार लॉकअप भेजा, जिनमें कई महिला



कार्यकर्ता भी शामिल थीं। इस रैली का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमिताभ चक्रवर्ती, युवा नेता कासिफ रेजा, आर्गन गौन, अजमल खान और रोहन मित्रा ने किया। उधर, बड़ाबाजार जिला युवा कांग्रेस ने पदयात्रा निकालकर मुख्य रैली में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन में भोला यादव, कालीनाथ सिंह, राजनारायण मिश्रा, संतोष सिंह, पंकज सोनकर, मो. सरफराज, हबीबुर्रहमान, परवेज खान, ददन सिंह, करण सोनकर, अकीब जहूर, मो. हुसैन, मो. फुरकान, बबलू सिंह, भोला दास, राकेश साव, खालिद रजा, अमीर अली, मो. शौकीन, दीपशिखा भौमिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अग्रसेन ब्याज स्कूल में हुआ विशेष पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**कोलकाता :** अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने शनिवार 2 अगस्त 2025 को अपने विद्यालय के सभागार में सत्र 2024-25 के आई.सी.एस.सी एवं आई. एस. सी. की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समस्त छात्रों को सम्मानित करने के लिए विशेष पुरस्कार समारोह का आयोजन किया।

इस विशेष अवसर पर मुख्य और सम्मानित अतिथि के रूप में जादवपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. संजय गोपाल सरकार, सेंट जेवियर्स कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक उत्सव चटर्जी और विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरलिया, शासी परिषद के सदस्य कमल प्रकाश अग्रवाल,प्रबंधक सरोज श्रीवास्तव, अग्रसेन बालिका विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य




अतिथि, सम्मानित अतिथि, विद्यालय के अध्यक्ष, प्रबंधक तथा प्रधानाचार्या अबीरा दास ने अपने कर-कमलों से गणेश जी और माता सरस्वती की प्रतिछवि पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इसके पश्चात माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विभाग के छात्रों ने ईश्वर वंदना करते हुए विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम और योग का अद्भुत प्रदर्शन किया जो कि अतिसराहनीय था। विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास ने वहाँ उपस्थित सभी छात्रों, अभिभावकों एवं अतिथियों का अभिवादन किया तत्पश्चात् विद्यालय के अध्यक्ष और प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि को पुष्पगुच्छ, फ्रेम, उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय ने आई. सी.एस.सी. और आई.एस.सी. के छात्रों को रजत पदक, कलम, प्रमाण पत्र और आई.सी.एस.सी. की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक 99.2% एवं राज्य में पाँचवा स्थान प्राप्त करने वाले अभिनीत भौमिक को लैपटॉप, रजत पदक, छात्रवृत्ति, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा आई. सी. एस.सी. और आई.एस.सी. के शिक्षकगण तथा प्रशासक के सदस्यों को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष, मुख्य अतिथिगण, प्रधानाचार्या ने अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया।

अंत में विद्यालय की शैक्षणिक प्रधानाचार्या अनामिका बासु दास ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

# तीन लाख की सुपारी देकर कराई गई तृणमूल नेता पिंटू चक्रवर्ती की हत्या

❑ **दो सुपारी किलर समेत तीन गिरफ्तार**



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर के कनाईपुर में तृणमूल कांग्रेस के नेता पिंटू चक्रवर्ती उर्फ मुन्ना की हत्या सुपारी किलरों द्वारा की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने उत्तर 24 परगना के दो शूटर, शासन निवासी बिस्वजीत प्रमाणिक और बारासात निवासी दीपक मंडल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त हत्या को अंजाम देने के लिए 3 लाख की सुपारी उक्त बदमाशों को दी गई थी। जांच के अनुसार, कनाईपुर निवासी बिश्वनाथ दास उर्फ 'बिशा' का मृत पिंटू चक्रवर्ती उर्फ मुन्ना के साथ जमीन के लेन-देन को लेकर विवाद था। पुलिस का कहना है कि दास ने तृणमूल नेता की हत्या के लिए दोनों आरोपी शूटरों को 3 लाख रुपए दिए थे। हत्या से दो दिन पहले, शूटर दास के घर पहुंचे और इलाके की रेकी की। घटना वाले दिन, उन्होंने नेता पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद, वे कुछ दूर पैदल चलकर स्कूटर से नजदीकी रेलवे स्टेशन भाग गए। इलाके से इकट्ठा किए गए सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर रेकी, हत्या और भागने की पूरी घटना कैद हो गई है। रेकी के दौरान, आरोपी मोबाइल फोन पर बात करते देखे गए। पुलिस ने उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए मोबाइल टावर लोकेशन डेटा का इस्तेमाल किया, हालांकि बाद में उनके फोन बंद हो गए। मामले की जांच जारी है। श्रीरामपुर के डीसीपी अर्नब बिस्वास ने शनिवार की दोपहर उत्तरपाड़ा थाने में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी घटना की जानकारी दी। उस दिन, उन्होंने कहा कि अभी तक पता चला है कि यह हत्या जमीन विवाद के चलते हुई है। इसके पीछे अभी तक कोई राजनीतिक मकसद नहीं मिला है। भाड़े के हत्यारों से हत्या की योजना बनाई गई थी। इस बात की भी जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई और तो नहीं है। हत्या को अंजाम देने के लिए उत्तर 24 परगना के बारासात और शाशन से भाड़े के हत्यारों का इस्तेमाल किया गया था।

## हावड़ा में आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान अभियान के तहत 26 शिविर आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिले में आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान पहल के तहत शनिवार को कुल 26 शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर जिले के 14 ब्लॉकों, 2 नगरपालिकाओं और 1 नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और प्रशासनिक सेवाएं जमीनी स्तर तक पहुंचाना था। शनिवार की शाम 5:30 बजे तक हावड़ा जिले में कुल 4418 लोगों की सहभागिता दर्ज की गई, जिससे लोगों की इस अभियान में गहरी रुचि और भरोसे का संकेत मिलता है। प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी 4 अगस्त को हावड़ा जिले में कुल 31 शिविर आयोजित किए जाएंगे।

यह अभियान प्रशासनिक पारदर्शिता, जनसुनवाई और समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।



डीएम पी. दीपाप प्रिया ने आंदुल जीपी स्थित आंदुल एवसी हाई स्कूल में आयोजित एपीएएस और डीएस शिविर का निरीक्षण किया।

## गरीबी हो या अमीरी न भूलो कृष्ण को : स्वामी गिरिशानंद महाराज



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुदामा के पास धन नहीं था पर दुखी नहीं थे। यदि धन-सम्पत्ति से सारा सुख से मिले तो पैसे वाले सारे सुख को खरीद लेते पर ऐसा नहीं होता। सुदामा अभाव में भी परम आनंद में थे। सुशीला जो सुदामा की पत्नी थी, पति से कोई शिकायत नहीं करती। सुदामा सुशीला के कहने पर द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के पास चल दिए। बीच रास्ते में सुदामा जी सो गए पर कृष्ण ने अपनी माया से द्वारिका पहुंच दिया। जो ईश्वरके तरफ एक कदम बढ़ता है तो भगवान एक हजार कदम बढ़कर अपने पास खींच लेते हैं। कृष्ण के पास लौटकर सुदामा आए तो महल और समृद्धि को देखकर सुशीला से पूछे तो उन्होंने कहा कि रात में सोई थी तो झोपड़ी थी पर सबेरे ये महल बन गया। लगता है यह आपके मित्र द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का फल है। इसे सुनकर सुदामा ने कहा कि गरीबी हो या अमीरी कभी भी तू कृष्ण को न भूलो। ये बातें सीताराम-श्याम सुंदर लोहिया परिवार के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने सफ्फायर सभागार में कही। कथा के मुख्य यजमान मायादेवी-ओम प्रकाश लोहिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। कृति-आशीष लोहिया व नेहा-विनीत लोहिया ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम तिवारी ने किया। इस अवसर पर दर्शन केसरी स्वामी मुक्तानंद महाराज, मुरारीलाल दीवान, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी क्षेत्र के कमांडेंट मनोज राय, संगीता राय, सज्जन सिंघानिया, राजू चौधरी, सावित्री लोहिया, शकुंतला दीवान, बबीता दीवान, वर्षा अग्रवाल, प्रभात पंसारी, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नए नारे के साथ उतरेगी तृणमूल की महिला ब्रिगेड

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस अब महिलाओं को केंद्र में रखकर राज्यभर में जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। पार्टी ने घोषणा की है कि आगामी 10 अगस्त से 12 नवंबर तक राज्य के 35 संगठनात्मक ज़िलों में महिलाओं को लेकर विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी।

**इन बैठकों में मुख्य रूप से दो मुद्दों पर ज़ोर दिया जाएगा –**

❑ अन्य राज्यों में बंगाली भाषा बोलने पर हो रहे अत्याचार

❑ महिलाओं के कल्याण के लिए तृणमूल सरकार द्वारा किए गए कार्य

विधानसभा चुनाव में अब महज़ आठ महीने का समय बचा है। ऐसे में महिला मोर्चे को मज़बूत करने की दिशा में यह एक अहम रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

शासन में महिलाओं की भूमिका, ममता बनर्जी के नेतृत्व में महिलाओं को दी गई प्राथमिकता और उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की कोशिश की जाएगी। तृणमूल कांग्रेस अब ममता बनर्जी की विचारधारा और राजनीतिक रणनीतियों को विभिन्न कार्यक्रमों के ज़रिए आमजन तक पहुँचाकर एक संगठित राजनीतिक आंदोलन का रूप देने जा रही है।

## संगठन की ताकत टटोलने के लिए डिजिटल सर्वे करेगी भाजपा, बूथ स्तर पर विशेष फोकस

### कल डिजिटल सर्वे से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए होगी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में, पार्टी की राज्य इकाई ने बूथ और ज़िला स्तर पर संगठन की स्थिति का डिजिटल सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। यह सर्वे अगले दो महीनों में पूरा किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस डिजिटल सर्वे का केंद्रबिंदु बूथ स्तर रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी बूथ समिति का सदस्य उसी बूथ का मतदाता भी हो। इसके लिए बूथ समिति के सदस्यों से उनके मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) की दोनों ओर की स्कैन कॉपी पार्टी के राज्य नेतृत्व द्वारा संचालित केंद्रीय सर्वर पर अपलोड करने को कहा गया है। इस डिजिटल कवायद से पहले पार्टी ने एक भौतिक सर्वेक्षण भी कराया था, जिसमें राज्य भाजपा नेताओं की टीम ने विभिन्न ज़िलों में बूथ स्तर तक पहुंच कर संगठन की ज़मीनी स्थिति की समीक्षा की थी। अब डिजिटल सर्वेक्षण के ज़रिए उन कमियों की पहचान की जाएगी जो पहले चरण में संभवतः छूट गई थीं। चार अगस्त को इस डिजिटल सर्वे से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से सर्वे के मानक और तकनीकी प्रक्रियाओं को स्पष्ट किया जाएगा। राज्य समिति के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव की तैयारियां पिछले वर्षों की तुलना में पहले ही शुरू कर दी गई हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले एक मजबूत और सटीक संगठनात्मक ढांचा खड़ा किए बिना चुनावी सफलता संभव नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन की कमजोर कड़ियों को समय रहते दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल सर्वे के दौरान डेटा की प्रमाणिकता की रैंडम जांच भी राज्य नेतृत्व द्वारा की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते पकड़ा जा सके।

# भारत के अंतरिक्ष सफर के नायक बने कोलकाता के शुभ्रदीप घोष

### हेरिटेज के पूर्व छात्र शुभ्रदीप ने किया निसार मिशन का ऐतिहासिक संचालन





**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अंतरिक्ष अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कोलकाता के एक होनहार वैज्ञानिक ने चुपचाप लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभाई है। नासा (एनएएसए) और इसरो (आईएसआरओ) के संयुक्त उपग्रह मिशन निसार का 30 जुलाई को सफल प्रक्षेपण हुआ। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे एक प्रमुख नाम रहा – शुभ्रदीप घोष, जो हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता के पूर्व छात्र हैं। यह मिशन धरती के बदलते पारिस्थितिकीय तंत्र, सतह की गति, बर्फ की परतों, वनों की कटाई और प्राकृतिक आपदाओं जैसे कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।

श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के सिस्टम्स रिलायबिलिटी डिवीजन में कार्यरत वैज्ञानिक शुभ्रदीप घोष को निसार मिशन के लिए लिक्विड प्रपल्शन सिस्टम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यह उपग्रह 52 मीटर ऊंचे जीएसएलवी एमके खख रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया, जिसे नासा और इसरो ने मिलकर विकसित किया है। एक तरल प्रणोदन इंजीनियर के तौर पर उन्होंने रॉकेट के ईंधन प्रणाली का एकीकरण, परीक्षण और संचालन किया। वे हाइड्राजिन और नाइट्रोजन टेट्रॉक्साइड जैसे तरल ईंधनों की मात्रा भरने से लेकर 247 निगरानी तक की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। निसार की सफलता में यह कार्य अत्यंत निर्णायक सिद्ध हुआ।

शुभ्रदीप, जिन्होंने 2013–17 में हेरिटेज से केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, अब तक चंद्रयान–2, चंद्रयान–3, आदित्य–एल1 और स्पेडेक्स जैसे 25 से अधिक अभियानों से जुड़े रहे हैं।

❑ **संस्थान का गौरव और प्रेरणा स्रोत बने शुभ्रदीप**

हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता ने इस उपलब्धि पर अपने पूर्व छात्र को सम्मानित करते हुए गर्व प्रकट किया। संस्थान के प्राचार्य प्रो. बसब चौधुरी ने कहा, शुभ्रदीप की यह उपलब्धि हमारी शिक्षण गुणवत्ता और नवाचार की भावना को दर्शाती है। वह हमारे छात्रों के लिए एक आदर्श बन गए हैं।

वहीं, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, यह न केवल संस्थान बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है। विज्ञान और इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता ही हमारी प्रेरणा रही है, और शुभ्रदीप की सफलता इसी का प्रमाण है।

इस ऐतिहासिक सफलता पर शुभ्रदीप ने भावुक होकर कहा, मेरी नींव हेरिटेज इंस्टिट्यूट में रखी गई। वहां के क्लासरूम और लैब अनुभवों ने ही मुझे इसरो जैसे संस्थान की जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया। यह उपलब्धि मेरे शिक्षकों, परिजनों और साथियों की प्रेरणा और मार्गदर्शन का परिणाम है।

❑ **वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत**

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस मिशन को भारत की अंतरिक्ष शक्ति के उपयोग–आधारित कार्यक्रमों से वैश्विक वैज्ञानिक नेतृत्व की ओर संक्रमण का प्रतीक बताया है। यह सफलता ना केवल भारत की तकनीकी श्रेष्ठता को दर्शाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# 'समर्पण समाज गौरव सम्मान' समारोह में विशिष्ट विभूतियों का भावपूर्ण अभिनंदन

❑ **विशिष्ट अतिथियों ने मुक्त कंठ से समर्पण ट्रस्ट के आयोजन की प्रशंसा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** समर्पण ट्रस्ट द्वारा शनिवार को कोलकाता स्थित होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में एक भव्य एवं गरिमामय समर्पण समाज गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण को केंद्र में रखते हुए तुलसी जलार्पण के साथ हुआ। ट्रस्ट के सभापति दिनेश बजाज ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पंकज भालोटिया ने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी, वहीं समारोह के मुख्य अतिथि गिरधारीलाल गोयनका ने समर्पण ट्रस्ट के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस गरिमामय अवसर पर समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विशिष्ट विभूतियों को समर्पण समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सजन बंसल को उनकी अनुपम दानवीरता के लिए सम्मानित किया गया। राजेश सोंथलिया को सामाजिक चेतना के विस्तार में किए गए जागरूक प्रयासों के लिए सम्मान मिला। पुष्पा मूंधड़ा को समाज सेवा में उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. लक्ष्मण पल्लै को भी यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनुष्का वर्मन, जिन्होंने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि राजेंद्र खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में ट्रस्ट की कार्यशैली की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप-स्थित गणेश सिंघानिया सपत्नीक अनिता सिंघानिया ने अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर नेवर ने किया। ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया ने समारोह में कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तित्वों को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना, न केवल हमारा दायित्व है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। कार्यक्रम का संचालन महावीर प्रसाद रावत ने अत्यंत सहज एवं प्रभावशाली शैली में किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जयप्रकाश मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बी के मूंधड़ा, राम बिलाश अग्रवाल, सुभाष मुरारका, विष्णु सराफ, अमित केडिया, मनीषा बजाज, सुधांशु शेखर, विनोद अग्रवाल, पद्माश्री पोद्दार, रजीत भूतोड़िया, मोहन केडिया, गरिमा पोद्दार, अरूप बर्मन समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन आनंद इवेंट्स द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश अग्रवाल, महेश भुवालका, पवन बंसल, मनीष बजाज, हरी सोनी एवं अमन ढेडिया विशेष रूप से सक्रिय रहे।

## सियालदह डिवीजन ने मॉनसून में ट्रैक सुरक्षा संगोष्ठी का किया सफल आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने 1 अगस्त को मॉनसून के दौरान ट्रैक रखरखाव कर्मियों की सुरक्षा को लेकर एक विशेष संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मॉनसून के समय ट्रैक पेट्रोलिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता विक्रम गुप्ता थे। जिन्होंने मुख्य भाषण देते हुए रेलवे परिचालन में व्यक्तिगत सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इसके अलावा, अतिरिक्त डीआरएम (इंफ्रा) राजेश कुमार और वरिष्ठ डिविजनल इंजीनियर (समन्वय) सचिन सुमन ने भी अपने-अपने सत्र प्रस्तुत किए।


इस संगोष्ठी में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के लगभग 200 ट्रैक रखरखाव कर्मी के चीफ इंजीनियर (जनरल) सुनील कुमार मंडल, साथ ही सियालदह डिवीजन के डिविजनल अधिकारी, उप-डिविजनल अधिकारी और सुपरवाइजर शामिल हुए। संगोष्ठी के मुख्य विषयों में व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय, मॉनसून के दौरान विशेष सावधानियां, सुरक्षा उपकरणों और गियर के उपयोग के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में प्रतिक्रिया की प्रक्रिया शामिल थी। प्रधान मुख्य अभियंता ने कहा कि मानसून जैसे चुनौतीपूर्ण मौसम में सुरक्षा सर्वोपरि है और ट्रैक पेट्रोलिंग में सतर्कता व नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। यह पहल सीलदह डिवीजन की सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और दुर्घटनाओं को रोकने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कोलकाता में इंडियन रेलवेज: जर्नी विद कोल पुस्तक का लोकार्पण



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलीपुर स्थित बेल्वेडियर पार्क क्लब में 1 अगस्त 2025 को रेलवे बोर्ड के सेवानिवृत्त अतिरिक्त सदस्य (ट्रैफिक) अशीम के मैत्र द्वारा लिखित पुस्तक इंडियन रेलवेज: जर्नी विद कोल का औपचारिक लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारतीय रेलवे और कोयला उद्योग के बीच ऐतिहासिक और आर्थिक संबंधों को सरल भाषा में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। पुस्तक में 168 वर्षों की अवधि में रेलवे और कोयला उद्योग की विकास यात्रा, नीतिगत बदलावों, राजनीतिक परिस्थितियों और आर्थिक परिवर्तनों के प्रभाव को विस्तार से समझाया गया है। यह उन प्रमुख स्तंभों की कहानी है, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। लेखक श्री मैत्रा को परिवहन और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में चार दशकों का अनुभव है। उन्होंने 2014 में रेलवे सेवा से सेवानिवृत्ति ली थी और इसके बाद कोल इंडिया व पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। वे वर्तमान में आईआईएसडबल्यूबीएम, कोलकाता में विजिटिंग फैकल्टी हैं।

## राणाघाट से कृष्णनगर के बीच तीसरी रेलवे लाइन के निर्माण को रेलवे बोर्ड की मंजूरी




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के अंतर्गत राणाघाट से कृष्णनगर सिटी (26 किमी) के बीच तीसरी लाइन के निर्माण प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। 474.09 करोड़ की लागत वाले इस महत्वपूर्ण परियोजना को अंतिम स्वीकृति के चरण में रखा गया है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ सहित इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑपरेशन्स एवं बिजनेस डेवलपमेंट और फाइनेंस विभाग के सदस्यों ने पहले ही इस प्रस्ताव का समर्थन किया है और इसे रेल मंत्री की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया है। यह परियोजना न केवल पश्चिम बंगाल के सबसे व्यस्त उपनगरीय और मालवाहक गलियारों में से एक को गति देगी, बल्कि यातायात के दबाव को कम करने, समयपालन में सुधार और नदिया जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में भी सहायक होगी। इसमें सात स्टेशन, चार बड़े पुल और बांग्लादेश के साथ जुड़ने वाला गेड़े-दर्शना मार्ग भी शामिल है।

यह परियोजना भारतीय रेल के 'मिशन 3000 एमटी' के तहत बहु-पटरियों एवं बाईपास मार्गों के विस्तार का हिस्सा है। वर्तमान में राणाघाट-कृष्णनगर सेक्शन की लाइन क्षमता 113.8% तक पहुंच चुकी है, जो 2028-29 तक 169% हो जाने की संभावना है। इस भीड़भाड़ को दूर करने के लिए तीसरी लाइन का निर्माण आवश्यक है। मार्च 2024 में धुबुलिया और मुर्शिदाबाद में दो नए माल गोदाम शुरू किए गए हैं और बेहरमपुर कोर्ट में एक कोचिंग टर्मिनल की योजना बनाई गई है, जिससे इस रूट पर यातायात और बढ़ेगा। तीन वर्षों में पूरी होने वाली यह परियोजना 10.47% के फाइनेंशियल रिटर्न और 27.16% के इकनॉमिक रिटर्न के साथ अत्यंत आर्थिक रूप से लाभकारी मानी गई है। इसके माध्यम से क्षेत्रीय विकास, परिवहन क्षमता में सुधार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी बल मिलेगा।

## मेट्रो रेलवे में स्वच्छता अभियान की शुरुआत, स्टेशनों और ट्रेनों में चला विशेष सफाई अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने 01 अगस्त से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों पर व्यापक सफाई एवं सैनिटाइजेशन कार्य चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के दूसरे दिन यानी शनिवार को मेट्रो रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 'स्वच्छता शपथ' का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और सप्ताह में कुछ समय स्वैच्छिक सफाई कार्य में देंगे। स्टेशनों पर विशेष घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मेट्रो अधिकारी व कर्मचारी यात्रियों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे इस अभियान में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## हावड़ा मंडल ने जागरूकता, प्रभात फेरी और कार्यशालाओं से स्वच्छता को दी गति




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत 2 अगस्त 2025 को विभिन्न स्वच्छता-केंद्रित गतिविधियों का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। ये पहल मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य स्वच्छता, जनसहभागिता और राष्ट्रीय गौरव को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर हावड़ा मंडल के अंतर्गत रामपुरहाट, बंडेल, कटवा, तारकेश्वर, हावड़ा, पाकुड़, आजिमगंज और वर्दवान जैसे प्रमुख स्टेशनों पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। रेलवे कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने इन फेरियों में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वच्छता एवं पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। इन अभियानों में जनसूचना के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही बंडेल और आजिमगंज में रेलवे कर्मचारियों के लिए कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वच्छता प्रबंधन, कचरा निपटान और यात्री संवाद के सर्वोत्तम तरीकों पर जानकारी दी गई। इन सभी पहलों के माध्यम से पूर्व रेलवे का हावड़ा मंडल भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है और भारतीय रेलवे को अधिक स्वच्छ, हरित एवं यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# कामरूप कामाख्या देवी के दर्शन

डा. अरविंद मिश्रा

बचपन में ही अपने पितामह से कामरुप कामाख्या देवी का जिक्र बार बार सुना था। वे यह भी कहते थे कि इधर के जो भी पुरुष वहां जाते हैं, उन्हें वहां की स्त्रियां भेड़ों में बदल देती हैं। यह व्यथा कथा इधर पूर्वांचल में काफी प्रचलित थी। यह उधर जाने की एक तरह से मनाही थी। जनश्रुतियों में ऐसे ही रहस्यों की गोद में समाये गुवाहाटी के कामाख्या क्षेत्रा को लेकर मन में एक जिज्ञासा सुषुप्त सी थी।


वैसे तो मेरा तार्किक मन दैवीय सत्ताओं को सामान्यतः नकारता ही है मगर कई ऐसे अवसर भी आये हैं जब दैवीय प्रेरणाओं के आश्चर्यजनक संयोग से सामना हुआ है जैसे कि पिछले माह अचानक ही एक मनोभाव उभरा (सुषुप्त जिज्ञासा) कि कामाख्या देवी का दर्शन किया जाय। प्रायः इसे कहा जाता है कि चलो बुलावा आया है, देवी जी ने बुलाया है। अब जब देवी जी ने बुला ही लिया तो जाना ही था। पत्नी जी भी सहर्ष तैयार हो गयीं।

तय समय से हम गुवाहाटी एअरपोर्ट पहुंचे। यह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन चुका है। सुंदर है। वहां से ओला लेकर हम लगभग 20 किमी दूर गुवाहाटी शहर में गंतव्य होटल तक 11. 30 सुबह पहुंच गये। आधे घंटे का रास्ता। कामाख्या देवी का मंदिर नीलांचल पहाड़ पर काफी ऊंचाई पर है मगर वहां तक वाहन से आसानी से पहुंचा जा सकता है। हम जहां रुके थे यानी भरालुमुख से मंदिर मात्रा 4 किमी दूरी पर है। चूंकि चढ़ाई है इसलिये आधे घंटे का समय लग जाता है।

मंदिर परिसर में पहुंचते ही जैसे समय ठहर सा गया हो । वहां जैसे बिना देवी की इच्छा के एक कण भी नहीं हिलता। सुबह पांच बजे से ही मुफ्त दर्शन की अन्तहीन लाईन। हां, वीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी 501 रुपये प्रति दर्शनार्थी है मगर यहां भी कोई कम समय नहीं लगता।बाहर के ज्यादातर दर्शनार्थी वीईपी टिकट ही लेते हैं। हमें ही 2 घंटे लगे। साथ में एक पंडा जी भी थे मगर वे भी दैवीय व्यवस्था के सामने लाचार से दिखे।

कथा है कि दक्ष यज्ञ में भस्मीभूत सती के शरीर को कंधे पर लेकर शिव जी तांडव करते जब ब्रह्मांड में विचरण कर रहे थे तो जहां जहां देवी के विगलित अंग प्रत्यंग गिरे, वे शक्ति पीठ कहलाये। ऐसे 51 स्थलों में नीलांचल पहाड़ पर सती का श्रोणि भाग गिरा। इसलिये यहां योनि पूजा की परंपरा है। योनि जो सृष्टि के सृजन का उद्गम है। सृष्टि पूजा मानव की आदि पूजा है।

योनि-गर्भ गृह एक सुरंगनुमा गुफा में है जहां उतरती सीढ़ियों से पहुंचा जाता है। इसलिये मेरा सुझाव है कि यहां दर्शन पूजन के लिये वृद्धावस्था का इंतजार न कीजिये। शुभस्य शीघ्रम। खैर मेरा तो निर्वाह हो गया। हां पत्नी जी तो पूरी प्रफुल्लित और चैतन्य थीं। परम उत्साहित और भक्तिलीन। सच है बिना अपार भक्तिभाव के ऐसे दुर्गम स्थल तक पहुंचना दुष्कर है। मैंने देखा कि यही अपार



श्रद्धा भाव लिये बहुत से वृद्ध भक्त जन भी कतार में थे।

कामाख्या का एक सहज शाब्दिक अर्थ है इच्छाओं की पूर्ति। कामाख्या देवी सभी की मनौतियों को फलीभूत करती हैं ऐसी मान्यता है।

कामाख्या देवी परिसर में भेड़ भेड़ें बकरे और बकरियां निर्द्वंद्व घूम फिर रहे थे। सीढ़ियों से आम भक्तों की ही तरह चढ़ उतर रहे थे। देवी बलि में प्रयुक्त होने के कारण वे आदर के पात्रा थे और उन्हें चौतरफा घूमने फिरने की आजादी थी। मेरी एक सुषुप्त जिज्ञासा उनमें न चाहते हुए भी मानव चेहरों की हास्यास्पद तलाश कर रही थी। शायद एक प्रचलित आम धारणा का कोई बुद्धिगम्य उत्तर मिल जाय। इसी बीच पंडा जी ने श्रीमती जी को एक शिला आसन पर बिठाया और मुझे वीआईपी टिकट लेने के लिए एक दिशा में बढ़ चले। भोग आरती के कारण टिकट विंडो बंद था जिसके खुलने और टिकट लेने तक करीब आधे घंटे का समय लग गया। जब वापस लौटा तो श्रीमती जी के चेहरे पर उद्विग्नता साफ झलक रही थी। संवाद कुछ इस तरह हुआ!

इतनी देर क्यों लग गई.... फिर तनिक सहज हो राहत की सांस लेते हुए - मुझे लगा कि कहीं भेड़ बना दिये गये क्या? इस मनोविनोद में भी एक व्यग्रता छुपी हुई थी। उसी लहजे में मेरा जवाब था अरे मुझे चिन्ता हो रही थी कि इतनी देर में कहीं तुम भेड़ न बना दी गयी हो? लौटते समय एक दो भेड़ें तुम्हारी मुखाकृति लिये दिखीं भी । सोचा चलो छुटकारा तो मिला.... खैर इस हंसी ठिठोली के बाद हम मां के दर्शन की कतार में लग गये। कतार में ही एक स्थानीय बंधु से चर्चा में पता लगा कि गुवाहाटी में पुरुष स्त्री अनुपात पहले विषम था। पुरुष कम, स्त्रियां ज्यादा थीं। शायद यह उन्ही दिनों की बात है जब उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और बिहार से रोजगार की तलाश में लोग वहां पहुंचते थे तो स्त्री मोह या बंधन में रहने से वापस नहीं लौटते। आज भी गुवाहाटी के प्राकृतिक सौंदर्य के चलते काफी संख्या में शासकीय पदों के लोग वहीं बस रहे हैं।

इसके साथ ही एक समीप के जिले मायोंग के गोरीगांव में काले जादू का प्रचलन है जिसे लेकर कई किंवदंतियां हैं। वहां से भी यह बात फैली कि कुछ स्त्रियां जादू टोने से पुरुषों को भेड़ बना कर हमेशा के लिए अपने पास रख लेती हैं। कामाख्या मंदिर परिसर में उन्मुक्त घूम रहे भेड़े भी इस लोकश्रुति के पनपाये होंगे।

कामाख्या मदिर तंत्रा साधना का एक प्रसिद्ध केन्द्र है और तांत्रिक पूजा पद्धति में योनि पूजन का बड़ा ही विधि विधान है। वहां वर्ष में एक बार देश दुनिया के तांत्रिकों का भी जमावड़ा होता है। ओझा सोखा और बैजा लोगों की आदिम पूजा पद्धतियां भी वहां कभी परवान पर थीं। देवी को किरात जनजाति का भी बताया जाता है। योनि-गर्भ गृह एक प्राकृतिक शिला कुंड सरीखा है जिसमें शैल सोतों से सदैव पानी का प्रवाह रहता है। प्रत्येक दर्शनार्थी को काफी झुककर उस योनिनीर को माथे पर लगाने का आदेश होता है। मुझे दिक्कत तो हुई मगर उठने लगे तो जैसे अदृश्य से हाथों ने ऊपर उठा दिया। यह सब बस कुछ सेकेंड में हो गया। लगातार दर्शनार्थियों के रेले के दबाव में उस अंधेरे से गुहा कक्ष में इत्मीनान से पूजन का वक्त ही कहां था। कुछ ही पलों में हम निकास द्वार के बाहर थे।

आप यदि कामाख्या दर्शन की योजना बनायें, समय हो तो रेल से जायें। गुवाहाटी के पहले ही कामाख्या स्टेशन पर उतरें। वहां भी रुकने के लिए ठीक-ठीक होटल हैं या फिर बिल्कुल नजदीक ही पलटन बाजार में होटल की भरमार है। हां, होटल मंहगे हैं। साधारण होटल भी दो ढाई हजार प्रति दिन का चार्ज करते हैं। वहन कर सकें तो तनिक महंगे 5000 -7000 के रेंज में होटल का चयन करें।

आम आटो टैक्सी का किराया भी काफी मंहगा है। मात्रा दो तीन किमी दूरी के लिए 100 रुपये आटो वाले लेते हैं। एअरपोर्ट से गुवाहाटी शहर तक टैक्सी किराया 700 -1000 रुपये है। पहला दिन देवी दर्शन में ही बीत गया। शाम होने पर निकटवर्ती फैंसी बाजार जिसे गुवाहाटी का चांदनी चौक कहा जाता है, हम चाहकर भी नहीं जा पाये। देर हो गई थी। (अदिति)

# वर्षा, व्याकुलता और विश्वास की उड़ान



त्रिलोक नाथ पांडेय

रात्रि के सन्नाटे में भी कुछ रातें सजीव होती हैं, जैसे उनमें कोई कथा थमी हो। ऐसी ही एक रात थी 24 जुलाई की, जब बादल नभ को घेर झमाझम बरस रहे थे। सुबह होनी थी 25 की - शुक्रवार का दिन। मन उत्साहित था, कोडरमा में हिन्दी शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला में भाग लेने हेतु। लेकिन उत्साह के इस रथ के पहियों पर जैसे बारिश ने ब्रेक लगा दिए थे।

विद्यालय से लौटते समय तक वर्षा की बूंदें साजिश रच चुकी थीं। जैसे कोई अदृश्य नाटक मंचित हो रहा था - जिसमें मैं किरदार तो था, पर संवाद बारिश लिख रही थी। तैयार होकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर चलने का निश्चय किया। पर यह क्या! ओला, उबर - सब मेरी पुकार से अछूते। अंततः इनड्राइव नाम की आशा की डोर मिली, पर वह भी सियालदह की गलियों में उलझकर रह गई।

टिक-टिक करती घड़ी, धड़कनों की रफ्तार से प्रतिस्पर्धा कर रही थी। सूटकेस, लैपटॉप और जूते हाथ में लिए, मैं गलियों के पानी में जैसे किसी सागर को पार कर रहा था। हर तरफ जल ही जल था - जैसे कोलकाता नगर निगम ने वर्षा के स्वागत में धरती पर समुद्र बिछा दिया हो।


मेन रोड पर आकर देखा - कहीं कोई सवारी नहीं, केवल उम्मीद की कुछ बूँदें। अचानक पीली टैक्सी की झलक मिली - मानो बारिश में चमकता हुआ कोई दीपक। पर दीपक भी आज महँगा हो चला था - चार सौ-पाँच सौ नहीं, आठ सौ की माँग। मजबूर मन ने हाँ कर दी। टैक्सी वाला मुस्काया और गाड़ी सरकाई।

शहर जैसे ठहरा हुआ था - गाड़ियों की कतारें, सड़कों पर रेंगती हुईं। वह 45 मिनट का रास्ता आज ढाई घंटे की परीक्षा बन गया। मन व्याकुल, मौसम व्यग्र और ऊपर से एयरपोर्ट तक की देरी। फोन पर एयरलाइंस को संपर्क किया, परंतु वहाँ तो मानो स्वचालित उत्तरों की दुनिया थी - संवेदना से रहित, केवल औपचारिकताएँ।

एयरपोर्ट पहुँचा तो घड़ी ने 7:05 दिखाया, जबकि उड़ान 7:20 की थी। चेक-इन काउंटर पर पहुँचा तो जवाब मिला - अब नहीं हो सकता। पर जब प्रार्थना में भावनाएँ हों, तो कभी-कभी नियम भी झुक जाते हैं। किसी तरह सिक्योरिटी चेक तक पहुँचा। कतार लंबी थी, पर मेरी अवस्था देख कुछ सज्जनों ने सहायता की - गार्ड को समझाया, उन्होंने प्राथमिकता दी। टेलकम पाउडर और शेविंग किट को अलग कर, मुझे आगे बढ़ा दिया।

गेट नंबर 107 तक की दौड़ कोई साधारण दौड़ नहीं थी - यह संघर्ष और संकल्प की दौड़ थी। वहाँ इंडिगो के कर्मचारियों ने मेरी दशा देख पूछा - कहाँ की फ्लाइट? मैंने उत्तर दिया - रांची। व्यंग्य मिश्रित नजरों से देख वे मुस्काए, फिर बोले - 10 मिनट देरी है, थोड़ा सांस ले लीजिए।

एक राहत की साँस मिली। उस समय कार्यशाला आयोजकों की भूमिका भी प्रशंसनीय रही - वे लगातार संपर्क में रहे, वैकल्पिक ट्रेन टिकट भेजा, धैर्य बनाए रखा। और



अंततः जब ज्ञात हुआ कि उड़ान समय से विलंबित है, तो मुझे भी एक जीवन-पाठ मिला।

इस यात्रा ने यह सिखाया कि हवाई यात्रा हो या जीवन की कोई अन्य यात्रा - समय की कीमत को समझिए। तीन-चार घंटे पहले पहुँचिए, ताकि तनाव और व्याकुलता को दरवाज़े पर ही छोड़ सकें। और सबसे बड़ी सीख - ईश्वर में आस्था कभी डगमगाने न दें। वह अंतिम समय तक साथ देता है, बस विश्वास बनाए रखिए।

जब राहों में कीचड़ हो, तब भी मंज़िल की ओर कदम बढ़ाइए - क्योंकि सच्ची इच्छा शक्ति पंख बन जाती है और जीवन को उड़ान देती है।

# एलार्मिंग है बच्चों में बढ़ती आक्रामकता

उषा जैन 'शीरीं'

बच्चों में बढ़ती आक्रामकता मानसिक रोग का रूप धारण करती जा रही है। यह किसी भी छूत के रोग की तरह फैल गई है। ऐसा भी नहीं कि कारण से सभी अनजान हों। कारण स्पष्ट हैं। वे हमारी जीवन शैली का अंग बन चुके हैं। इस हद तक ये हमारे जीवन में रच बस गए हैं कि सभी इनसे छुटकारा दिलाने के मामले में अपने को मजबूर पाते हैं। समझ नहीं पाते कि आखिर करें तो क्या?

टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल के बगैर आज जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इनसे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष जो नुकसान हो रहे हैं, उनकी गिनती नहीं। जैसे खाद्य पदार्थों में जानते हैं मिलावट का जहर है फिर भी खाने से कहां बाज आते हैं ठीक उसी तरह टीवी, इंटरनेट दिमाग के लिये अस्वास्थ्यकारी जहरीला होने के बावजूद बच्चे बड़े उनमें डूबे रहते हैं।



मीडिया एक्सपोजर से बच्चे जल्दी परिपक्व हो रहे हैं। कुदरत ने जीवन को बड़े सलीके से कुछ चरणों में बांधा है जिसके अनुरूप जीवन चक्र नियमपूर्वक चल रहा था लेकिन जहां इंसान ने प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन अपनी समझ को तिलांजलि देकर करना शुरू कर दिया है वहीं उसके भयंकर परिणाम भी सामने आ रहे हैं। बच्चों का बचपन छिन गया है। बायलॉजिकली देखें तो बच्चों में हार्मोन्स की पहले के मुकाबले ज्यादा सक्रियता उन्हें आक्रामक बनाकर अपराध की ओर धकेल रही है।

दरअसल हर बच्चे में मेल तथा फीमेल हार्मोन होते हैं। मेल हार्मोंस की निश्चित अनुपात से ज्यादा सक्रियता लड़कों में आक्रामकता बढ़ाती है। फीमेल हार्मोंस की निश्चित मात्रा से अधिक मात्रा लड़कियों की भावनाओं में उद्वेलन मचाने लगती है। नतीजन वे भी टैपरामेंटल होने लगती हैं।

ऐसा नहीं है कि पहले बच्चे क्रोधी, जिद्दी व आक्रामक नहीं होते थे लेकिन पहले उनकी लिमिटस थीं। आज सीधे पिस्तौल लेकर फिल्मी अंदाज में सामने वाले के परखच्चे उड़ा दिये जाते हैं। किशोर वय के बच्चे ही नहीं, आज छोटे-छोटे से बच्चे जिन्हे ठीक से बोलना भी नहीं आता, टीवी पर देखी किसी हिंदी, इंग्लिश फिल्म की नकल करते हुए अपने से छोटे बच्चे का मर्डर तक करने लगे हैं।

कई बार माता-पिता की लापरवाही, उनकी आपसी रोज-रोज की कलह, विवाहेत्तर संबंध, नशे की लत, उनका हायपर होना, अतिव्यस्तता के चलते बच्चे से संवादहीनता की स्थिति, जैसी बातों के कारण बच्चों की साइकी पर बुरा असर होने लगता है। प्यार और केयर जो उनका अधिकार है, उन्हें नहीं मिल पाता। बच्चा स्वयं को बेहद असुरक्षित महसूस करता है उसमें हीन भावना घर कर सकती है। इन सबके कारण वो काफी वल्नरेबल हो जाते हैं। गलत संगत में पड़कर असामाजिक कार्य करते उसे देर नहीं लगती।

उम्र के नाजुक दौर में जब वो किशोरवय में पदार्पण कर रहा होता है तब से लेकर युवक बनने तक वे आइडेंटिटी क्राइसिस से गुजर रहे होते हैं। ऐसे में माता-पिता का उन्हें बच्चे की तरह ट्रीट करना उनमें विद्रोह को जन्म देने लगता है। उनके बागी तेवर माता-पिता में क्रोध जगाते हैं और इस तरह ये एक विशस सर्कल बन जाता हैं। न माता-पिता बच्चे को समझते हैं, न बच्चा माता-पिता की उनकी उनके प्रति सद्भावनाओं को समझ पाते हैं।

चाइल्ड साइकॉलोजिस्ट डी.के. सेन के अनुसार किशोर वय के बच्चों में आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने का कारण कई बार महज अपने अति व्यस्त पेरेंट्स का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना होता है।

आज के बाजारवाद के युग में जहां रोज नये नये मॉडल के लक्जरी आयटम बाजार में आ रहे हैं, बच्चे अपने मन पर काबू रखें तो कैसे। उन्हें भी वो सब चाहिए जो उनके अमीर दोस्तों के पास है। नहीं मिलने पर उनमें फ्रस्ट्रेशन पनपने लगता है जो धीरे-धीरे बढ़कर आक्रामक तेवर इख्तियार कर लेता है।

निस्संदेह अच्छे संस्कारों का बच्चे के व्यवहार पर असर पड़ता है। बच्चों को भरपूर प्यार, मित्रावत व्यवहार मिले, उनके पेरेंट्स के साथ ओपन रिलेशन हों तो कोई कारण नहीं कि उनकी लाइन बिगड़े, वे अनावश्यक तेवर दिखाएं।

इसी तरह टीचर्स को भी बच्चों पर हाथ उठाना, उन्हें मारना नहीं चाहिए। टीचर्स को चाहिए कि पढ़ाई के साथ बच्चों को नैतिकता का पाठ भी पढ़ाएं। समाज में कुछ जरूरी बदलाव लाने होंगे। बच्चे हमारा भविष्य हैं। भविष्य के साथ खिलवाड़ उचित नहीं। (उर्वशी)

# प्राणी जगत की रोचक बातें

उमेश कुमार साहू

- आस्टेऱलिया में पायी जाने वाली 'पिट्टा' नामक चिड़िया के पंख नौ रंग के होते हैं।
- बिटर्न' एक ऐसा पक्षी है जो बाघ की तरह आवाज निकालता है। यह दक्षिण अमेरिका में पाया जाता है।
- 'गरनाई' एक ऐसी मछली है जो पानी में तैरती है, जमीन पर चलती है और हवा में उड़ती है।
- अपने पैर जमीन पर न रखने वाले पक्षी का नाम 'हरियल' है।
- 'जिराफ' के हृदय का वजन 11 किलोग्राम होता है।
- 'ऊदबिलाव' जब पानी में उछलता है तो पानी की एक बूंद भी नहीं उछलती।
- मनुष्य की जीभ पर लगभग 3000 स्वाद नलिकाएं होती हैं।
- अधिकांश लोग 10,000 विभिन्न प्रकार की गंधों को सूंघने में समर्थ हैं।
- 'घोंघा' बिना घायल हुए ब्लेड की धार पर चल सकता है।
- 'हाथी' को हर वस्तु दोगुनी बड़ी दिखती है।
- मछली के दस लाख अण्डों में से कोई एक ही वयस्क बन पाता है।
- 'दरियाई घोड़ा' का पसीना गुलाबी होता है। (उर्वशी)

# बाहों की सुंदरता निखारें

दुर्गा प्रसाद शुक्ल 'आजाद'

हर औरत की खूबसूरती को निखारने में हर शारीरिक अंग का कुछ न कुछ सहयोग होता है। उन सभी की देखभाल सही रूप से की जाती हो, ऐसा ज्यादा स्त्रियों के बारे में कहा नहीं जा सकता। बाहों की खूबसूरती के प्रति स्त्री की सजगता हमेशा समान रही हो, ऐसी बात नहीं है परन्तु जब से बाहों के बिना के कपड़ों का फैशन चला है, सौंदर्य की नजर से बांहों का महत्त्व स्वीकारा जाने लगा है।



ऐसे कपड़ों में अनावृत्त बाहें यदि थुलथुल, खुरदरी तथा सौंदर्यविहीन हों तो वे खूबसूरत लगने की जगह भद्दी नजर आयेंगी। बांहों को खूबसूरत बनाने के लिए सख्त मेहनत करनी पड़ती है, ऐसी बात नहीं है। रोजाना देखभाल, व्यायाम, मालिश, उबटन आदि ही इस दिशा में आपको अपेक्षित सफलता देंगे।

बाहें यदि बेडौल और मोटी हों तो इनको सुन्दरता देने के लिए आपको विभिन्न खेलों का सहारा लेना उचित होगा। आपकी बाहें यदि ज्यादा पतली होने की वजह से अनाकर्षक हैं तो आपको पौष्टिक खाद्य पदार्थों को खास रूप में खाना होगा। साथ ही रोज मालिश और उबटन भी जरूरी है। मालिश के लिए जैतून का तेल अच्छा है अन्यथा तिल के तेल से भी काम चलाया जा सकता है। अनावश्यक रोम अथवा रोयें भी बांहों की खूबसूरती को कम करते हैं।

उबटन इस नजर से सहयोगी भूमिका निभाने में सक्षम हैं, साथ ही इससे त्वचा स्निग्ध बनती है। बगलों से भी बालों को समय-समय पर साफ क र देना जरूरी है। इतना याद रखें कि बाहों पर भूलकर भी रेजर का उपयोग न करें। बाल यदि हल्के हों और उन्हें हटाने की इच्छा या जरूरत न हो तो ब्लीचिंग विधि से उनका रंग हल्का किया जा सकता है लेकिन हाथों के लिए अमोनिया की मात्रा चेहरे की तुलना में कुछ ज्यादा लेनी होगी। अनावृत्त रहने की वजह से बाहें, मौसम धूल-मिट्टी व धूप आदि से ज्यादा प्रभावित होती हैं लेकिन घरेलू ढंग से देखभाल और इलाज करके उन्हें खूबसूरत बनाया जा सकता है।

### कुछ आसान उपाय

- कुहनियां यदि सख्त हों व काली पड़ जाती हों तो एक रूमाल को गर्म जल में भिगोकर वहां कुछ देर रखें ताकि मैल फूल जाये। फिर सूखे तौलिए से रगड़ कर साफ करें और नींबू का रस मल कर रगड़ें।
- टमाटर के रस में कच्चा दूध एवं थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर बांहों पर लेप करें। आधे घंटे बाद साफ कर लें। इससे कोमलता और निखार आयेगा।
- मसूर की दाल को दूध में गलाकर फुला लें और पीसकर उबटन करें। रोयें कम होंगे तथा कोमलता आयेगी।

# क्यों बिखरता है दांपत्य?



नीतू गुप्ता

सुखद दांपत्य में प्रेम की उष्णता, विश्वास, समर्पण, सहनशीलता एक दूसरे के प्रति खिंचाव सभी कुछ तो होता है पर तब प्रेम की उष्णता खत्म होने लगती है या विश्वास डगमगाने लगता है तो सुखद दांपत्य में ग्रहण लग जाता है या कोई घुन लग जाता है जो नींव को धीरे धीरे खोखला कर देता है।

ऐसा महसूस होते ही संभल जाना चाहिए नहीं तो दीवारें गिरते देर नहीं लगती और दापंत्य जीवन बिखर कर टुकड़ों में बंट जाता है। हमें जब भी ऐसे संकेत महसूस हों, उन्हें दूर करने का प्रयास कर अपने सुखी दांपत्य जीवन को बचाना चाहिए।

सुखद दांपत्य की नींव दोनों ओर से बराबर डलती है, फिर भी महिलाओं के त्याग कुछ प्रतिशत ऊपर ही रहते हैं। इस त्याग और समझदारी के कारण महिलाएं चाहें तो घर बचा सकती हैं। जो महिलाएं नासमझी कर जाती हैं, उनका घर बिखर जाता हैं। देखें, कौन से ऐसे संकेत हैं जो बिखराव लाने में मदद करते हैं। हमें उनसे दूर रहना चाहिए ताकि हम अपनी गृहस्थी बचा सकें।

### जब अहं टकराता है

अहं ऐसा घुन है जो तलाक तक करवा देता है। पति पत्नी में कैसा अहं। दोनों से मिलकर ही तो दांपत्य बनता है। फिर अहं के कारण कटुता कैसी या दोनों में कौन जीता, कौन हारा, ऐसे विचार क्यों? विवाह एक दूसरे को समझना, एक दूसरे के लिए जीना, एक दूसरे की जिंदगी को शेयर करना ही तो है। फिर मैं क्यों करूं, मैं ही क्यों झुकूं, मैं ही हमेशा सहूं, जैसी भावनाएं सुखी दांपत्य में दरार ही लाती हैं। समय रहते यदि संभल जायेंगे तो दांपत्य बचा रहेगा।

### जब दोस्त संबंधी अच्छे न लगें

कभी दांपत्य में ऐसा समय आ जाए जब एक दूसरे के मित्र, सगे संबंधी अच्छे न लगें, उनके सामने अपने पार्टनर को नीचा दिखाने की कोशिश करना या हमेशा दूसरों के दोस्तों और संबंधियों की बिना मतलब बुराई करना दांपत्य के बिखराव का संकेत है। ऐसे में दोनों की समझदारी ही बिखरते दांपत्य को संभाल सकती हैं।

### जब आपस में हंसी गायब हो जाए

आपस में बातें करना, हंसना, घर का वाता-वरण खुश बनाना ही सुखद दांपत्य की निशानी है। जब इसके स्थान पर एक दूसरे से खिंचा खिंचा रहना, चुप चुप रहना, मतलब की बात करना, जोक पर भी न हंसना शुरू हो जाये तो इसका अर्थ है कि कहीं न कहीं हंसी की रोशनी फीकी पड़ रही है। हमें प्यार की हंसी को कम नहीं होने देना है। रोशनी और चमचमाए, इसका प्रयास करते रहना है।

### छोटी छोटी बात पर झगड़ना

पति पत्नी दोनों विभिन्न परिवार से होते हैं। दोनों का रहन सहन, खान पान, व्यवहार व सोचने का तरीका भी अलग होता है पर शादी के बाद दोनों को कुछ कुछ बदलना पड़ता है ताकि मतभेद कम हों, झगड़े कम हों और गाड़ी सही रूप से चलती रहे पर कभी कभी दोनों में मतभेद बढ़ने लगते हैं, बात बात पर झगड़े भी होने लगते हैं तो समझना चाहिए कि कहीं न कहीं कुछ कमी है जो उन के रिश्तों को दूर ले जा रही है। ऐसे में दोनों को संभलने की आवश्यकता होती है। फिर से आत्म निरीक्षण कर सोचें कि कहां बदलाव लाकर अपने रिश्तों की बढ़ती खाई को कम किया जा सकता है।

### सेक्स प्रताड़ना देना

वैसे तो विवाह के बाद सेक्स आपस में अधिक गहराई तक जड़ने का साधन होता है। एक दूसरे की भावनाओं इच्छाओं और क्षमतानुसार सेक्स जिंदगी में प्रेम की बहार लाता है पर पत्नी की इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती सेक्स संबंध बनाना भी आपसी प्यार को दूर करता है और समर्पण भाव कम करता है।

जब भी कमी ऐसा जीवन में आए तो समय रहते संभलना ही अच्छा है। बात अधिक बढ़ आए तो विवाह सलाहकार से मिलकर अपनी समस्या को करना चाहिए ताकि पुनः अपनी सेक्स लाइफ को आनंदपूर्ण बना सकें और सेक्स के कारण आपसी बिखराव की स्थिति का सामना न करना पड़े।

### ईर्ष्या

पति पत्नी में यदि कोई आगे बढ़ता है तो यह दोनों के लिए गर्व की बात है। इससे जिंदगी में और बहार आती है पर जब कभी दूसरे की कामयाबी में खुश न होकर ईर्ष्या का भाव दिखना जीवन की खुशियों को ग्रहण लगा देता है तो बात बिखराव तक पहुंच जाती है। ऐसे में समझदारी है कि अपनी प्यार की गरमाहट में कामयाबी को अहम् न समझें। दूरियां घटाने के स्थान पर नजदीकियां लायें। तभी बिखराव की चिंगारी को बुझाया जा सकता है। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर — नाना प्रकार के अचार






कु. मोनू शर्मा 'मनु'

### गाजर का अचार

**साम्रगीः-** काली या लाल गाजरें 2 किलो, सरसों का तेल 250 ग्राम, नमक, मिर्च, हल्दी, राई अंदाज से।

**विधिः-** पहले गाजरों को छीलकर ऊपर नीचे के किनारे काट दें और फिर लम्बी-लम्बी फांकें काट लें। अब इन्हें पानी में उबाल लें। जब गाजरें कुछ मुलायम पड़ जायें तो सब मसाले, नमक, हल्दी, मिर्च, राई आदि सब पीस कर सरसों के तेल में सान लें और उनमें गाजरें डालकर खूब लथपथ कर दें। अब इन सब गाजरों को मर्तबान में भरकर 3-4 दिन धूप में रखें। लीजिए, अचार तैयार है।

### करेले का अचार

**सामग्रीः-** कच्चे करेले 2 किलो, सरसों का तेल 250 ग्राम, मिर्च, हल्दी, राई, हींग अंदाज से, नींबू का रस।

**विधिः-** सर्वप्रथम ताजा कच्चे करेले छीलकर उन्हें नमक में डाल सान लीजिए और उन्हें बीच में से चीर दीजिये। चाहें तो छोटे-छोटे कतले भी काट सकती हैं। अब हल्दी, मिर्च, हींग को घी या तेल में भून लें और नम व राई के साथ पीस लें। फिर इस मसाले को सरसों के तेल में सानकर करेलों से भर दें और धागे की सहायता से लपेटकर करेलों के चीरे हुये पेट बन्द कर दें तथा मर्तबान में भरकर ऊपर से नींबू का रस निचोड़ दें। यदि पतली छोटी-छोटी कतलें हों तो उन्हें भी ऐसे ही मसाले में सानकर भर दें। 10-15 दिन तक इस अचार को रोज धूप में रखती रहें। फिर खाने के प्रयोग में लायें।

अदरक का अचार

सामग्रीः- -एक पाव अदरक, नमक, हींग, काली मिर्च, नींबू का रस आदि।

विधिः- एक पाव अदरक धोकर, छीलकर घीयाकस पर कसकर लच्छे को नमक, हींग व काली मिर्च में अच्छी तरह सानकर मर्तबान में भर दें तथा ऊपर से आधा किलो नींबू का रस डालकर 15 दिन तक प्रतिदिन धूप में रखती रहें। लीजिये अदरक का अचार तैयार हो जायेगा। वह बड़ा ही पाचक होता है व बहुत स्वादिष्ट व अधिक गुणकारी होता है।

### करौंदों का अचार

**साम्रगीः-** एक किलो कच्चे करौंदे, हल्दी, नमक, मिर्च, हींग, राई, सिरका या नींबू का रस।

**विधिः-** एक किलो कच्चे करौंदों को लेकर नीचे से काट कर चार-चार टुकड़े लें और बीज निकाल कर उनमें नमक, हल्दी डालकर 3-4 दिन तक धूप में रख दें । उसके बाद हींग, मिर्च, राई डालकर ऊपर से नींबू या सिरके का रस भी डाल दें और प्रतिदिन धूप में रखा करें।

आठ दिन पश्चात् खाने योग्य अचार तैयार हो जायेगा। यह अचार खूब खट्टा और स्वादिष्ट होता है। (उर्वशी)

# मुझे प्रताड़ित किया गया, मालेगांव मामले में नरेन्द्र मोदी का नाम लेने को कहा गया: प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**मुंबई :** मालेगांव विस्फोट मामले में बरी की गईं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने शनिवार को आरोप लगाया कि जांच अधिकारियों ने उन्हें प्रताड़ित किया था और उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई लोगों के नाम लेने को कहा था। ऐसा पहली बार है जब ठाकुर ने यह सनसनीखेज दावा किया है, जिसका एनआईए की विशेष अदालत के 1036 पृष्ठों के फैसले में कोई उल्लेख नहीं है। विशेष अदालत ने मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया था। ठाकुर शनिवार को कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सत्र अदालत में पेश हुईं। अदालत के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने दावा किया कि पूछताछ के दौरान उन्हें प्रताड़ित किया गया था। विशेष न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने अपने फैसले में ठाकुर के यातना और दुर्व्यवहार के दावों को खारिज कर दिया है। ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, ''उन्होंने (अधिकारियों ने) मुझे प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेने को कहा, क्योंकि उस समय मैं सूरत (गुजरात) में रह रही थी। भागवत (आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का स्पष्ट संदर्भ) जैसे कई नाम हैं, लेकिन मैंने किसी का नाम नहीं लिया, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलना चाहती थी।'' ठाकुर ने दावा किया कि उन्होंने यह सब लिखित में दिया था। ठाकुर ने कहा, ''उनका उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था। उन्होंने कहा कि अगर मैंने नाम नहीं लिए, तो वे मुझे प्रताड़ित करेंगे। इन नामों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुदर्शन जी, इंद्रेश जी, राम जी माधव और कई अन्य शामिल हैं, जिनके नाम मुझे अभी याद नहीं आ रहे हैं।'' भाजपा की पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि उन्हें



अस्पताल में भी अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जहां वह बेहोश हो गईं और उनके फेफड़े खराब हो गए। ठाकुर ने कहा, ''मैं अपनी कहानी लिख रही हूं, जिसमें ये सब लिखूंगी। सच सामने आएगा। यह धर्म की विजय है, सनातन धर्म की विजय है, हिंदुत्व की विजय है...यह सनातनी राष्ट्र है, और यह सदैव विजयी होता है।'' अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ठाकुर ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, लेकिन उनके दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया गया। इसने 2011 के उच्चतम न्यायालय के आदेश का भी हवाला दिया गया, जिसमें अवैध हिरासत, यातना और हिरासत के उनके दावों को खारिज कर दिया गया था। निचली अदालत ने कहा कि ठाकुर ने नासिक की अदालत में कोई शिकायत नहीं की थी जब उन्हें गिरफ्तारी के बाद रिमांड के लिए पेश किया गया था। न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, ''मेरे संज्ञान में कोई सबूत (यातना और दुर्व्यवहार का) नहीं लाया गया है और इसलिए मैं इस दलील को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं हूं।'' इस बीच, ठाकुर ने कहा कि उनके खिलाफ पूरा मामला निराधार है। उन्होंने महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को एक ''दुष्ट व्यक्ति'' बताया। उन्होंने आरोप लगाया, ''सिंह, (तत्कालीन एटीएस प्रमुख) हेमंत करकरे और सुखविंदर सिंह ने मुझे प्रताड़ित किया और मुझसे झूठ बोलने को कहा। लेकिन मैंने इनकार कर दिया।'' महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में 29 सितम्बर 2008 को हुए विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 घायल हो गये थे। एक विशेष अदालत ने प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को 31 जुलाई को बरी करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ कोई ''विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं।''

## मालेगांव विस्फोट मामले में योगी आदित्यनाथ का नाम जबरन लेने को कहा गया : गवाह का दावा

मालेगांव विस्फोट मामले में विशेष अदालत के समक्ष अपनी गवाही में एक गवाह ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों ने उसे प्रताड़ित किया और मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेने के लिए मजबूर किया। विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने बृहस्पतिवार को इस मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि वह गवाह के एटीएस को दिए गए बयान पर भरोसा नहीं कर सकते, क्योंकि गवाह ने अदालत में बताया था कि वह बयान उसने अपनी मर्जी से नहीं दिया था। शुक्रवार को उपलब्ध कराए गए अपने 1,000 से अधिक पृष्ठों के फैसले में अदालत ने कहा कि एटीएस ने अक्टूबर 2008 में अभियोजन पक्ष के गवाह मिलिंद जोशीराव से दक्षिणपंथी समूह अभिनव भारत की कार्यप्रणाली के बारे में पूछताछ की थी। उससे रायगढ़ किले में हुई एक बैठक के बारे में पूछा गया, जहां आरोपियों ने कथित तौर पर एक अलग हिंदू राष्ट्र बनाने की शपथ ली थी। जोशीराव ने अदालत में अपनी गवाही के दौरान दावा किया कि एटीएस ने उसके साथ ऐसे व्यवहार किया, जैसे वह एक आरोपी हो।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पोर्श दुर्घटना मामला: पिता की मृत्यु के कारण एक आरोपी को तीन दिन की अस्थायी जमानत मिली

**पुणे :** मुंबई उच्च न्यायालय ने पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में एक आरोपी को उसके पिता की मृत्यु के मद्देनजर तीन दिन की अस्थायी जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अश्विन भोबे ने शुक्रवार को आदित्य अविनाश सूद को दो से पांच अगस्त तक जमानत दे दी। यह मामला पिछले साल 19 मई का है, जब पुणे के कल्याणीनगर इलाके में एक तेज रफ्तार पोर्श कार ने दो आईटी पेशेवरों को कुचल दिया था, जिसे कथित तौर पर नशे में धुत एक नाबालिग चला रहा था। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों की मौत हो गई थी। आदित्य सूद उन 10 लोगों में शामिल है, जिन्हें सबूतों को मिटाने के लिए नाबालिग चालक के रक्त के नमूने बदलने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह नमूने इसीलिए लिये गए थे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नाबालिग चालक नशे में था या नहीं।

### मुजफ्फरनगर में नाबालिग लड़के से कुकर्म के दोषी साधु को 20 साल की सजा

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने एक नाबालिग लड़के से कुकर्म करने के मामले में साधु को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल कारावास की सजा सुनाई तथा दस हजार पांच सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक सरकारी अधिवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता विक्रांत राठी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की विशेष अदालत ने शनिवार को यहां एक मंदिर के साधु महाराज लोकेश नाथ कश्यप को 14 साल के लड़के के साथ कुकर्म करने के मामले में दोषी ठहराते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

### जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आईं केरल की दो नन, नेताओं ने किया स्वागत

**दुर्ग/बिलासपुर :** मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को छत्तीसगढ़ की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का जेल के बाहर केरल के कई नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसद, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित कांग्रेस के कुछ नेता भी शामिल थे। जेल से बाहर निकलने के बाद दोनों नन चंद्रशेखर के साथ एक वाहन में वहां से चली गईं। इससे पहले, जमानत आदेश की खबर मिलने के बाद एलडीएफ सांसद और ईसाई समुदाय के लोग दुर्ग केंद्रीय जेल के बाहर मिठाइयां बांटते देखे गए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने फेसबुक पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, एलडीएफ सांसद जॉन ब्रिटास, जोस के मणि और पी संतोष कुमार दुर्ग केंद्रीय जेल के बाहर एक नन के भाई के साथ जमानत आदेश का जश्न मनाते हुए।

## बीएमआरसीएल ने बेंगलुरु में पहली बार मेट्रो के जरिए दान किया हुआ अंग अस्पताल पहुंचाया



**बेंगलुरु :** बेंगलुरु की नम्मा मेट्रो ने अपनी शुरुआत के बाद पहली बार नम्मा मेट्रो ने किसी मनुष्य द्वारा दान किए हुए यकृत (लिवर) को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएमआरसीएल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि एक अगस्त की रात करीब आठ बजकर 38 मिनट पर एक एंबुलेंस से यकृत को व्हाइटफ़ील्ड मेट्रो स्टेशन पर लाया गया। यकृत के साथ एक डॉक्टर और सात मेडिकल कर्मचारी भी थे। मेट्रो स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत सारी कागज़ी कार्रवाई और सुरक्षा जांच पूरी की। इसके बाद, यकृत को लेकर टीम एक मेट्रो ट्रेन में सवार हुई, जो आठ बजकर 42 मिनट पर व्हाइटफील्ड मेट्रो स्टेशन से निकली। यह मेट्रो रात नौ बजकर 48 मिनट पर राजारेश्वरी नगर मेट्रो स्टेशन पहुंची, जिसके बाद यकृत को समय पर स्पर्श अस्पताल पहुंचा दिया गया, जहां इसका सफल प्रत्यारोपण किया गया।

## लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर हुई धांधली: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक विधिक सम्मेलन में इस बात को फिर से दोहराया कि कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वो एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इसका सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हुई। निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक में मतदाता सूची से जुड़े राहुल गांधी के दावे को शुक्रवार को निराधार बताया था।

## दिल्ली में 50,000 गैर आवंटित फ्लैट झुग्गीवासियों को दिए जाएंगे : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को घोषणा की कि शहर के झुग्गीवासियों को जल्द ही 50,000 ऐसे फ्लैट में स्थानांतरित किया जाएगा जिनका आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि गरीबों के लिए 10 लाख घरों के निर्माण के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सुल्तानपुरी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बनाए गए 1,000 से अधिक सरकारी फ्लैट का निरीक्षण किया और कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार प्रत्येक झुग्गीवासी को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार झुग्गी-झोपड़ियों में रहने



वालों के लिए सम्मानजनक आवास और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के पहले चरण में, 50,000 फ्लैट के माध्यम से पुनर्वास शुरू होगा। दिल्ली सरकार 10 लाख आवासों की मांग को पूरा करने के लिए एक व्यापक रणनीति भी तैयार कर रही है। गुप्ता ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि वे वर्षों में निर्मित 50,000 फ्लैटों का आवंटन करने में विफल रहीं, जिसके कारण उनकी वर्तमान हालत जर्जर हो गई है।

## निर्वाचन आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों का वार्षिक पारिश्रमिक दो-गुना कर 12,000 रुपये किया

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि उसने मतदाता सूची तैयार करने में मदद करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बूथ स्तर पर मतदाता सूची तैयार करने और उसे अद्यतन करने में निर्वाचन आयोग की मदद करने वाले बीएलओ को 2015 से उनके काम के लिए 6,000 रुपये सालाना मिल रहे थे। अब यह राशि 12,000 रुपये सालाना की गई है। बीएलओ ज्यादातर शिक्षक या राज्य सरकार के अन्य कर्मचारी होते हैं जो अपने संबंधित बूथ में मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने का काम करते हैं। निर्वाचन आयोग के नए नियमों के अनुसार, एक बूथ पर 1,200 से ज़्यादा मतदाता नहीं होंगे। इसके अलावा, आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को 6,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि देने को भी मंज़ूरी दी है। इसकी शुरुआत बिहार से होगी, जहां यह कवायद जारी है।

## पुणे के यवत में सांप्रदायिक हिंसा में 500 लोगों के खिलाफ पांच प्राथमिकियां दर्ज, 17 हिरासत में

**पुणे :** पुणे जिले के यवत गांव में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने 500 से अधिक लोगों के खिलाफ कुल पांच प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दौंड तहसील के यवत में झड़प के दौरान आगजनी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 17 अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आक्रोश के कारण शुक्रवार दोपहर यवत गांव में सांप्रदायिक तनाव फैल गया और





हिंसा की अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। इस दौरान लोगों के समूहों ने तोड़फोड़ की और संपत्तियों को आग लगा दी। यवत थाने के एक अधिकारी ने कहा, अब तक, हमने हिंसा के संबंध में कुल पांच मामले दर्ज किए हैं। इनमें से चार मामले आगजनी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपी 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। इनमें से 100 से अधिक लोगों की पहचान हो चुकी है और 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सरकारी आवास खाली किया

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायपालिका के प्रमुख का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ आठ नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो गए थे। हाल में, नयी दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित प्रधान न्यायाधीश के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सात जुलाई को 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराये पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका और माही पांच कृष्ण मेनन मार्ग, नयी दिल्ली स्थित प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है। वह सरकारी बंगले में कथित तौर पर निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने के संबंध में उच्चतम न्यायालय प्रशासन द्वारा केन्द्र सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे।

## अमेरिका में आठ नए भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्रों का उद्घाटन

**न्यूयॉर्क/एडिसन :** भारत ने अमेरिका में आठ नए वाणिज्य दूतावास केंद्र खोले हैं। इस कदम से वीजा, पासपोर्ट और अन्य सेवाओं की पहुंच में काफी विस्तार हुआ है, जिससे देश में भारतीय प्रवासियों के लिए ये सेवाएं अधिक सुलभ और कुशल बनेंगी। भारत के अमेरिकी राजदूत विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्रों (आईसीएसी) का वर्चुअली उद्घाटन किया। लॉस एंजिल्स में जल्द ही एक अतिरिक्त आईसीएसी खोला जाएगा। इस विस्तार के साथ, अमेरिका में आईसीएसी की कुल संख्या 17 हो गई है, जिससे भारतीय और अमेरिकी नागरिकों के लिए वाणिज्य दूतावास सेवाएं पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएंगी। क्वात्रा ने इसे अमेरिका में भारतीय दूतावास द्वारा दी जाने वाली वाणिज्य दूतावास सेवाओं की पहुंच का बहुत महत्वपूर्ण विस्तार बताया।

## आरेडिका फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने रचा नया उत्पादन कीर्तिमान




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) के अंतर्गत आरेडिका फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने जुलाई 2025 में उत्पादन के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में प्लांट ने 5,000 पहियों के मासिक लक्ष्य के मुकाबले 5,173 पहियों का उत्पादन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले चार महीनों में प्लांट ने 20,000 के लक्ष्य के सापेक्ष 20,261 पहियों का निर्माण किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.1 गुना अधिक है। 1 अगस्त को भी प्लांट ने दो महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बनाए। पहली बार एक ही दिन में 408 पहियों का फोर्जिंग और 504 पहियों का हीट ट्रीटमेंट कर नया मानदंड स्थापित किया गया। महाप्रबंधक मिश्रा ने इस शानदार उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि हमने इस वर्ष 60,000 से अधिक व्हीलों के उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसे प्राप्त करने हेतु सभी कर्मचारी, अधिकारी और संविदा कर्मी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर रेलवे निर्माण की दिशा में एमसीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है।

## कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक में नहीं, कलम में है: धर्मेंद्र प्रधान

**श्रीनगर :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि 'कश्मीर समस्या' का समाधान हिंसा में नहीं, बल्कि शिक्षा में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कश्मीर एक शिक्षित समाज है। प्रधान ने यहां एसकेआईसीसी में नौ दिवसीय चिनार पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक या लाठियों में नहीं, बल्कि कलम में है। कश्मीरी समाज एक शिक्षित समाज है।'' केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2019 में केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर में कई चीजें पहली बार हो रही हैं। कई वर्षों के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहाल हुई हैं। गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए कई सुविधाएं या कार्यक्रम, या विभिन्न कानून, जो पहले यहां लागू नहीं हो रहे थे, अब अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं।'' बाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले, केंद्र शासित प्रदेश में कई वर्षों तक स्थानीय चुनाव नहीं हुए थे।

## भारत ने 2024 में रिकॉर्ड 18,900 अंग प्रत्यारोपण किये: नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत ने 2024 में 18,900 से अधिक अंग प्रत्यारोपण करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है, जो किसी एक वर्ष में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि यह 2013 में 5,000 से भी कम प्रत्यारोपण की तुलना में एक महत्वपूर्ण छलांग है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण की कुल संख्या के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है, तथा केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत हाथ के प्रत्यारोपण में विश्व में अग्रणी है, जो हमारी



अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा क्षमताओं और हमारे चिकित्सा पेशेवरों के अटूट समर्पण को दर्शाता है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) द्वारा 15वें भारतीय अंगदान दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में नड्डा ने कहा कि प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले रोगियों और अंगदान करने वालों की संख्या के बीच काफी अंतर है। उन्होंने कहा, ''अंग खराब होने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है, जिससे जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है। हर साल, हजारों लोग अंग प्रत्यारोपण का इंतजार करते हैं। तत्काल आवश्यकता के बावजूद, प्रत्यारोपण के लिए प्रतीक्षारत रोगियों की संख्या और उपलब्ध दाताओं की संख्या के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर बना हुआ है।''

## असम: गोलाघाट जिले में 1,500 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने का अभियान पांचवें दिन भी जारी

**गोलाघाट (असम) :** गोलाघाट जिले में लगभग 1,500 हेक्टेयर वन भूमि पर कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा बेदखली अभियान बुधवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेदखली अभियान पूरा होने पर लगभग 1,500 परिवार विस्थापित हो जाएंगे, जिनमें से अधिकतर मुस्लिम समुदाय से हैं। मंगलवार को सरूपथार उपसंभाग में असम-नागालैंड सीमा पर उरियमघाट में रेंगमा आरक्षित वन में कथित अतिक्रमण की गयी भूमि को खाली करने के लिए कवायद शुरू हुई। हालांकि, सरकार ने दावा किया



है कि इस क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया था, वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वीकार किया कि वहां प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत मकान, जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत पानी का कनेक्शन, सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत सरकारी स्कूल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक उप-स्वास्थ्य केंद्र और लगभग हर घर में बिजली कनेक्शन के अलावा बाजार, मस्जिद, मदरसे और चर्च हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, आज सुबह करीब 10 बजे बिद्यापुर और मधुपुर नंबर 2 स्थानों पर बेदखली अभियान शुरू हुआ। अब तक यह अभियान शांतिपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वन विभाग राजापुखुरी, गेलजान, मधुपुर, राणा नगर, हल्दीबाड़ी और हातिदुबी क्षेत्रों में भूमि का सर्वेक्षण शुरू करेगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया कि बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान शनिवार को अपने पांचवें दिन में प्रवेश कर गया।

## हिमाचल: ऊना में भारी बारिश से कई इलाकों में बाढ़, सड़कें अवरुद्ध

**ऊना/शिमला :** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में शुक्रवार को रातभर हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ और कई इलाके जलमग्न हो गए। ऊना में शुक्रवार शाम से करीब 222.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण कारण सड़कों, बाजारों और अन्य क्षेत्रों में पानी जमा हो गया जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चंडीगढ़-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर जलभराव हुआ और कुछ घरों में पानी घुस गया है। खबरों के अनुसार, स्थानीय वाहन चालकों और दुकानदारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पास के पतंजलि स्टोर के पीछे घरों में लगभग



10 फीट पानी भर गया, जिससे निवासियों को छतों पर शरण लेनी पड़ी। बाढ़ जैसे इन हालात के कारण औद्योगिक क्षेत्र, आवासीय इलाकों और सरकारी कार्यालयों को काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ प्रभावित बरनोह गांव में एक ईंट भट्ठे के पास एक पिता-पुत्र फंसे मिले। दोनों प्रवासी मजदूर हैं। बाढ़ के कारण अन्य प्रवासी मजदूर भी विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं। ऊना के जिला मजिस्ट्रेट जतिन लाल ने कहा, पिछले 12 घंटों से हो रही लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ आ गई हैं और सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

# जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने क्रॉली का विकेट गंवाया


जायसवाल का शतक, सिराज ने दिलाई सफलता

**लंदन :** भारत ने आखिरी टेस्ट मैच में इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का बड़ा लक्ष्य दिया है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 50 रन पर एक विकेट गंवा दिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अंतिम ओवर में जैक क्रॉली (14) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।भारत ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। यशस्वी जायसवाल ने 118 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 164 गेंदों में 14 चौके और 2 छक्के लगाए। जायसवाल ने आकाशदीप (66 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 107 रन की अहम साझेदारी की।वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा ने भी उपयोगी योगदान दिया। दोनों ने 53-53 रन बनाए। सुंदर ने आखिरी विकेट के लिए प्रसिद्ध कृष्णा के साथ 39 रन की साझेदारी भी की।इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने 5 विकेट, गस एटकिंसन ने 3, और जैमी ओवरटन ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड के गेंदबाज क्रिस वोक्स चोट के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके, जिससे टीम पर दबाव बढ़ा।भारत ने पहली पारी में पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और अब वह मैच जीतने से सिर्फ 9 विकेट दूर है। इंग्लैंड को चौथी पारी में जीतने के लिए अभी 324 रन बनाने हैं, जो ओवल के मैदान पर अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य होगा।अब मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है और चौथा दिन निर्णायक साबित हो सकता है।

## नार्थईस्ट यूनाइटेड ने डूरंड कप में मलेशिया की टीम के खिलाफ जीत से किया आगाज

**शिलांग :** गत चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप ई के अपने पहले मैच में शनिवार को यहां मलेशिया आर्म्ड फोर्सेज(एटीएम एफए) को 3-1 से शिकस्त देकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पिछले सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले मोरक्को के स्ट्राइकर अलाउद्दीन अजाराई ने शानदार हैट्रिक गोल (23 वां, 29 वां और 70 वां) कर टीम को जीत दिलाई। मलेशिया की टीम के लिए मोहम्मद आमिर ने 88वें मिनट में एकमात्र सांत्वना गोल किया।

## जूनियर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: सागर और हर्ष ने दर्ज की शानदार जीत

**बैंकॉक :** भारत के सागर (55 किग्रा) और हर्ष (60 किग्रा) ने शनिवार को अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दबदबे भरी जीत से दूसरे दौर में प्रवेश किया। सागर भूटान के ताशी योएज़र के खिलाफ तीनों दौर में बेहतर मुक्केबाज़ रहे जबकि हर्ष ने चतुराई से खेलते हुए चीन के जियाबाओ युआन को हराया। भारतीय दल के लिए यह एक और मिला-जुला दिन रहा। शनिवार को अन्य भारतीयों में विश्वनाथ सुरेश ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के बेहरुज खोलद-ोरोव के सामने चुनौती पेश की, लेकिन 2-3 से हार गए जबकि प्रीत मलिक पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में कजाकिस्तान के इल्या कलिनिन से 1-4 से हार गए। महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में देविका घोरपड़े को वियतनाम की थी नोक ट्रान न्युगेन के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कार्तिक दलाल को पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में फिलीपींस के ब्रैंडन सोरियानो के खिलाफ इसी अंतर से हार मिली।

## मैं 'ब्रेकडाउन' के बारे में नहीं, बस मैच के बारे में सोचता हूं: सिराज

**लंदन :** मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड की नौ पारियों में 155 से ज्यादा ओवरों में प्रभावशाली गेंदबाजी की है और इस मैराथन श्रृंखला के दौरान एक बार भी उनके मन में शारीरिक रूप से 'ब्रेकडाउन' का ख्याल नहीं आया। ऐसे समय में जब कार्यभार प्रबंधन शब्द काफी ज्यादा चलन में है तो सिराज का पांच टेस्ट मैचों में खेलते रहना और चार मैच में 18 विकेट लेना उनकी विश्वस्तरीय फिटनेस और बेहतरीन 'स्टैमिना' का प्रमाण है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' को दिए एक इंटरव्यू में सिराज ने कहा, ''मैं ब्रेकडाउन के बारे में नहीं सोचता। मैं सिर्फ मैच के बारे में सोचता हूं। मुझे देश के लिए खेलना पसंद है और मैं देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मैं अपनी योजनाओं को सरल रखता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और इससे नतीजे भी मिलते हैं। '' जसप्रीत बुमराह कार्यभार प्रबंधन के कारण सिर्फ तीन टेस्ट ही खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में सिराज ने अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाली। सिराज ने कहा कि उन्हें जिम्मेदारी उठाना अच्छा लगता है। सिराज ने कहा, ''मुझे जिम्मेदारी पसंद है। लेकिन मुझे जस्सी भाई की भी कमी खलती है क्योंकि वह सीनियर गेंदबाज हैं। वह उदाहरण पेश करते हैं कि हमें अलग-अलग बल्लेबाजों को कैसी गेंदबाजी करनी है। मुझे यह पसंद है।'' उन्होंने कहा, ''जब जस्सी भाई नहीं होते तो आपको पता है कि आपको अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी और मुझे इसमें मजा आता है। मैं अतिरिक्त दबाव नहीं लेता और चीजों को सरल रखने की कोशिश करता हूं। ''

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को तीन करोड़ रूपये पुरस्कार दिया

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।''

## फीफा ने हैदराबाद में युवाओं के लिए प्रतिभा अकादमी शुरू की




**हैदराबाद :** फीफा (फुटबॉल की वैश्विक संचालक संस्था) ने भारत केउभरते हुए प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के मकसद से शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से देश में युवाओं के लिए अपनी पहली प्रतिभा अकादमी की शुरुआत की। फीफा ने इस अकादमी के लिए एआईएफएफ और तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह फुटबॉल के 'समावेशी और जमीनी स्तर के विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा'। एआईएफएफ की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह अकादमी यहां गाचीबावली स्टेडियम परिसर में स्थित होगी और 60 उत्कृष्ट खिलाड़ियों (अंडर 14 वर्ग के 30 लड़के और अंडर 16 वर्ग की 30 लड़कियां)को आवासीय सुविधाओं, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के साथ साल भर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिसमें प्रत्येक वर्ग में तेलंगाना के 10 खिलाड़ी शामिल होंगे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस शुरुआत को भारत में इस खेल के लिए के लिए एक 'निर्णायक क्षण' करार दिया। चौबे ने कहा, ''लड़कियों के लिए भारत की पहली और लड़कों के लिए दूसरी फीफा कौशल अकादमी का शुभारंभ, समान फुटबॉल विकास की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। तेलंगाना सरकार के साथ फीफा की वैश्विक प्रतिभा विकास योजना के तहत यह सहयोग, पूरे देश से युवा प्रतिभाओं (खासकर लड़कियों) को पहचानने, पोषित करने और सशक्त बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।''

## कजाकिस्तान में श्रीशंकर ने लंबी कूद का खिताब जीता



**नयी दिल्ली :** लंबी कूद के अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने लंबी चोट से वापसी करते हुए कजाकिस्तान के अल्माटी में शनिवार को कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट में शीर्ष स्थान के साथ लगातार तीसरी प्रतियोगिता में खिताब पर कब्जा कर लिया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर (श्रेणी सी) मीट में अपने पहले प्रयास में 7.94 मीटर की छलांग के साथ खिताब पक्का किया। उनके अन्य प्रयास 7.73 मीटर, 7.58 मीटर, 7.57 मीटर, 7.80 मीटर और 7.79 मीटर थे। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 8.41 मीटर है। यह घुटने की चोट से वापसी के बाद श्रीशंकर की तीसरी प्रतियोगिता थी। उन्हें यह चोट पिछले साल अप्रैल में लगी थी। उन्होंने इसकी सर्जरी करवाई थी जिसके बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद वह भाग नहीं ले पाए थे।

## अजय सिंह का इस्तीफा, डब्ल्यूबी अध्यक्ष पर्यवेक्षक के तौर पर चुनाव में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने महासंघ के आगामी चुनावों में भाग लेने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है जिसमें विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) के अध्यक्ष बोरिस वान डर वोर्स्ट पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे। अंतरिम समिति द्वारा चुनाव की तारीख 21 अगस्त की औपचारिक घोषणा के एक दिन बाद शुक्रवार को सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने एक अगस्त को वान डर वोर्स्ट को लिखे एक पत्र में लिखा, ''मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय मुक्केबाजी संघ के चुनावों की औपचारिक घोषणा हो गई है और ये 21 अगस्त 2025 को होने वाले हैं।'' इस पत्र की एक प्रति पीटीआई के पास भी है। उन्होंने कहा, ''मैं इस आगामी चुनाव में लड़ना चाहता हूं इसलिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के हित में उचित यही होगा कि मैं तत्काल प्रभाव से अंतरिम समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूं। '' विश्व मुक्केबाजी ने अंदरूनी कलह के चलते भारतीय मुक्केबाजी के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए अप्रैल में अंतरिम समिति का गठन किया था। अंतरिम समिति ने शनिवार को सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अंतरराष्ट्रीय संस्था ने सिंगापुर मुक्केबाजी के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद को अंतरिम समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया जो पैनल में विश्व मुक्केबाजी के पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे। वान डर वोर्स्ट ने सिंह को अपने जवाब में लिखा, ''हम इस फैसले का सम्मान करते हैं और नयी संस्था के चुने जाने तक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सिंगापुर मुक्केबाजी के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद को अंतरिम समिति का अध्यक्ष नियुक्त करते हैं।''

## मेस्सी का भारत दौरा : पहला चरण कोलकाता में, दिल्ली , मुंबई और अहमदाबाद भी स्वागत को तैयार

**कोलकाता :** अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जायेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा ,'' सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।'' उन्होंने कहा ,'' अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आयेगी।'' कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जायेंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा ,'' वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिये टिकट की न्यूनतम दर 3500 रूपये होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।'' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3 . 45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5 . 30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिये वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रपटों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एम एस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा ,'' मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं हागा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा जो उनके सफर का जश्न होगा।''

## सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं क्योंकि गायकवाड़ वापसी कर रहे हैं: एमएस धोनी

**चेन्नई :** दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार को कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी। गायकवाड़ पिछले सत्र में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे। गायकवाड़ की जगह धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी संभाली थी लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी लगातार संघर्ष करते रही। टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में 10वें स्थान पर रही थी। धोनी ने यहां एक निजी समारोह के दौरान इस बात का संकेत दिया कि चेन्नई की टीम गायकवाड़ को टीम में बनाये रखेगी। उन्होंने कहा, '' हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जायेंगे।'' धोनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती। कुछ कमियां थीं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है।हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे।'' गायकवाड़ ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच सीएसके के लिए आठ अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच है। धोनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सत्र में सुपर किंग्स का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए उन कमियों को पहचानना जरूरी है।

# व्यापार




## जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने आईपीओ का आकार घटाकर 3,600 करोड़ रुपये किया, सात अगस्त को खुलेगा

**नयी दिल्ली :** सज्जन जिंदल द्वारा प्रवर्तित विविधीकृत जेएसडब्ल्यू समूह की इकाई जेएसडब्ल्यू सीमेंट सात अगस्त को अपना 3,600 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करने के लिए तैयार है। हालांकि, दस्तावेजों के हालिया मसौदे के अनुसार, इस निर्गम का कुल आकार पहले प्रस्तावित 4,000 करोड़ रुपये तक के निर्गम से कम है। शुक्रवार को दाखिल आरएचपी के अनुसार, आईपीओ सात अगस्त को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 11 अगस्त को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक छह अगस्त को बोली लगा सकेंगे। प्रारंभिक शेयर बिक्री में 1,600 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और निवेशक शेयरधारकों द्वारा 2,000 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस के एक हिस्से के रूप में, निजी इक्विटी दिग्गज अपोलो मैनेजमेंट, अपनी सहयोगी एपी एशिया अपॉर्च्युनिस्टिक होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से, 931.80 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचेगी। सिनर्जी मेटल्स इन्वेस्टमेंट्स होल्डिंग लिमिटेड 938.50 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचेगी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 129.70 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों का विनिवेश करेगा। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी 800 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग राजस्थान के नागौर में एक नई एकीकृत सीमेंट इकाई के आंशिक वित्तपोषण के लिए और 520 करोड़ रुपये बकाया ऋणों के पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान के लिए करेगी। शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## कम आवक, मजबूत मांग से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार

**नयी दिल्ली :** बाजार में आवक की कमी और मांग बढ़ने के कारण शनिवार को घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तिलहन कीमतों में सुधार देखने को मिला। जबकि अधिक दाम पर मांग प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन के साथ साथ सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल में गिरावट दर्ज हुई। मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए।

## सीसीआई ने गूगल के खिलाफ एडीआईएफ की शिकायत स्वीकार की, व्यापक जांच के आदेश दिए

**नयी दिल्ली :** निष्पक्ष व्यापार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अलायंस ऑफ डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (एडीआईएफ) द्वारा दायर एक शिकायत पर ऑनलाइन डिस्प्ले विज्ञापन बाजार में गूगल के आचरण की विस्तृत जांच का आदेश दिया है। सीसीआई ने शुक्रवार को पारित एक आदेश में कहा कि उसने इस शिकायत को इसी तरह के मामलों में चल रही जांच के साथ जोड़ने का फैसला किया है और महानिदेशक (डीजी) को शिक्षा प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में गूगल के आचरण की एक एकीकृत जांच करने का निर्देश दिया है। इसमें आगे कहा गया है, महानिदेशक को ऑनलाइन डिस्प्ले विज्ञापन सेवाओं और/या शिक्षा प्रौद्योगिकी मध्यस्थता सेवाओं में गूगल की विभिन्न कथित प्रक्रियाओं की जांच करने और इस प्रकार, मामलों में एक समेकित जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश एडीआईएफ द्वारा दायर एक विस्तृत शिकायत के जवाब में आया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल अपनी विज्ञापन प्रौद्योगिकी स्टैक के विभिन्न स्तरों पर प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रक्रियाओं में लिप्त है।

## भारत बना सकता है साइबर सुरक्षा में अगली दिग्गज कंपनी: प्रयांक स्वरूप, एक्सेल

**नयी दिल्ली :** एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप का कहना है कि भारत साइबर सुरक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और मौजूदा वक्त वैश्विक सुरक्षा कंपनियों की अगली पीढ़ी को परिभाषित कर सकता है। बेंगलुरु में एक्सेल के साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन में पीटीआई-भाषा से बात करते हुए स्वरूप ने भारतीय संस्थापकों से इस संबंध में कार्रवाई करने का स्पष्ट आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत में 1,400 से ज़्यादा साइबर सुरक्षा स्टार्टअप हैं, लेकिन केवल 235 को ही वित्तपोषण मिला है और केवल छह ही सार्वजनिक हुए हैं। हम अभी शुरुआत ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर, यह अगले तीन वर्षों में 377 अरब डॉलर का अवसर है। भारतीय संस्थापकों के पास इस दिशा में निर्माण करने का एक वास्तविक मौका है। एक्सेल क्राउडस्ट्राइक के शुरुआती निवेशकों में से एक है। क्राउडस्ट्राइक का मूल्यांकन अब 116 अरब डॉलर से अधिक है। स्वरूप ने कहा, हमने क्राउडस्ट्राइक का तब समर्थन किया था जब इसका राजस्व 50 लाख डॉलर से कम था। इसके आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले हमने तीन दौर का नेतृत्व किया था। महान साइबर सुरक्षा कंपनियों को समय लगता है, लेकिन जब वे स्थापित होती हैं, तो वे उद्योग को नया रूप देती हैं। स्वरूप का मानना है कि जेन-एआई (सृजन से जुड़ी कृत्रिम मेधा) अगली लहर को परिभाषित करेगी। उन्होंने कहा, एआई रणनीति को नए सिरे से लिख रहा है। यह पहचान को धुंधला कर रहा है, सोशल इंजीनियरिंग को बढ़ा रहा है। यह कोई क्रमिक बदलाव नहीं है। यह आधारभूत बदलाव है।

## सार्वजनिक नौका नेटवर्क बढ़ाने को भारत से 64.8 लाख डॉलर की अनुदान सहायता जुटाएगा मालदीव

**माले :** मालदीव सार्वजनिक नौका नेटवर्क के विस्तार के लिए भारत से 64.8 लाख डॉलर की अनुदान सहायता जुटाने के लिए तैयार है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मालदीव और भारत ने 18 मई को यहां नौका सेवाओं को बढ़ाने के लिए 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें 10 करोड़ मालदीव रुफिया (एमवीआर) का अनुदान नौका सेवाओं को बढ़ाने, समुद्री संपर्क का विस्तार करने और सामुदायिक आजीविका के उत्थान के लिए उपयोग किया जाएगा। ये परियोजनाएं भारतीय अनुदान सहायता योजना, उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के तीसरे चरण के तहत कार्यान्वित की जाएंगी। सरकारी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम न्यूज) ने यहां बताया कि इस चरण के तहत शुरू की गई 13 परियोजनाओं के लिए कुल 64.8 लाख डॉलर का अनुदान दिया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य मालदीव में नौका सेवाओं को बढ़ाना, संपर्क का विस्तार करना और सामुदायिक आजीविका को बेहतर बनाना है।

## जुलाई में हवाई जहाज से नेपाल आने वाले पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय

**शिरीष बी प्रधान काठमांडू :** नेपाल में जुलाई 2025 में हवाई जहाज से 70,000 से ज्यादा पर्यटक आए, जिनमें सबसे अधिक संख्या भारतीय पर्यटकों की थी। पर्यटन अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने बताया कि इस साल के पहले सात महीनों में देश में हवाई मार्ग से कुल 6,47,882 पर्यटक आए, जो कोविड-19 के बाद की अवधि में सबसे ज़्यादा है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल जुलाई में नेपाल में हवाई मार्ग से 70,193 यात्री आए, जो 2024 की इसी अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में, जुलाई में 27,152 (38.7 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ भारतीय शीर्ष पर रहे। इसके बाद चीन से 6,890 (9.8 प्रतिशत) और अमेरिका से 6,626 (9.4 प्रतिशत) पर्यटक आए। बांग्लादेश 4,413 (6.3 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ चौथे और ब्रिटेन 3,547 (5.1 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुख्य कार्पालक अधिकारी (सीईओ) दीपक राज जोशी ने कहा, हाल के दिनों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या का श्रेय प्रचार कार्यक्रमों, निजी क्षेत्र से निवेश प्रवाह और विविध पर्यटन उत्पादों को दिया जा सकता है, क्योंकि देश नेपाल भ्रमण दशक' (2025-2035) मना रहा है। नेपाल भारतीयों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है, जो तीर्थयात्रा और साहसिक पर्यटन, दोनों के लिए इस पड़ोसी हिमालयी देश में आते हैं।

## फेडरल बैंक का मुनाफा जून तिमाही में 15 प्रतिशत घटा

**मुंबई :** फेडरल बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 15 प्रतिशत घटकर 862 करोड़ रुपये रह गया। बैंक ने बताया कि मार्जिन में कमी से मुख्य आय प्रभावित हुई और खराब परिसंपत्तियों में बढ़ोतरी के कारण प्रावधान बढ़ गए। बैंक प्रबंधन ने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ऋण वृद्धि में तेजी और शुद्ध ब्याज मार्जिन में बढ़ोतरी की उम्मीद है। समीक्षाधीन तिमाही में, इसकी मुख्य शुद्ध ब्याज आय केवल दो प्रतिशत बढ़कर 2,337 करोड़ रुपये रही। अन्य आय 22 प्रतिशत बढ़कर 1,113 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। निजी क्षेत्र के बैंक ने जून तिमाही में नौ प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की, लेकिन शुद्ध ब्याज दर (एनआईएम) घटकर 2.94 प्रतिशत रह जाने से मुख्य आय वृद्धि पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा। एनआईएम पिछले साल इसी अवधि में 3.16 प्रतिशत था। इसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के वी एस मणियन ने कहा कि एनआईएम सितंबर तिमाही में निचले स्तर पर पहुंच जाएगा, जिसके बाद यह तीन प्रतिशत से अधिक के स्तर तक ऊपर की ओर बढ़ेगा।

## इंडिगो ने उपद्रवी यात्री पर उड़ान प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली :** इंडिगो ने शुक्रवार को मुंबई-कोलकाता उड़ान में एक सह-यात्री को थप्पड़ मारने वाले यात्री पर उड़ान प्रतिबंध लगा दिया है। एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना उड़ान संख्या 6ई138 में हुई और विमान उतरने के बाद आरोपी को कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों को सौंप दिया गया। आरोपी को उद्दंड भी घोषित किया गया। एयरलाइन ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उचित जांच के बाद, उपद्रवी ग्राहक से जुड़ी घटना के बारे में औपचारिक रूप से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है। एयरलाइन ने कहा, ''उड़ानों में इस तरह के उपद्रवी व्यवहार को हतोत्साहित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, नियामक प्रावधानों के अनुसार, उस व्यक्ति को इंडिगो की किसी भी उड़ान से सफर करने से रोक दिया गया है।'' उड़ान प्रतिबंध की अवधि का तुरंत पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो क्लिप शेयर किया गया, जिसमें अपनी सीट पर बैठे एक यात्री ने गलियारे में बैठे एक अन्य यात्री को अचानक थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद वह रोने लगा और उसे उस जगह से हटा दिया गया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3316 अंक 126, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in